राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 161 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों को संबोधित करते हुए।

# 71 हजार युवाओं को नौकरी की सौगात

### केंद्र सरकार का 8 महीने में छठा रोजगार मेला: पीएम ने 70 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर दिया; अब तक 4.33 लाख को मिली नौकरी

**मिली जिम्मेदारी**

= पीएम ने कहा था कि हमारा लक्ष्य है कि देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां मिलें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को छठे रोजगार मेले में 71 हजार 126 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। यह कार्यक्रम 20 से भी ज्यादा राज्यों में करीब 43 जगहों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। पीएम ने कहा था कि हमारा लक्ष्य है कि देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां मिलें। पीएम पिछले 8 महीने के दौरान 6 मेलों में अब तक 4 लाख 33 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर दे चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में जिन युवाओं को नौकरी मिली है, अगले 25 साल में इन लोगों को विकसित भारत के सपने को साकार करना है।

**हम युवाओं के भविष्य को 'सेफ गार्ड' करने का काम कर रहे:** प्रधानमंत्री ने इशारों में विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- एक तरफ परिवारवादी, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार करने वाली और देश के नौजवानों को लूटने वाली पार्टियां हैं। उनका रास्ता है 'रेट कार्ड', जबकि हम युवाओं के भविष्य को 'सेफ गार्ड' करने का काम कर रहे हैं। रेट कार्ड आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं जबकि हम आपके संकल्पों को साकार करने में लगे हैं। आपकी और आपके परिवार की सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं को 'सेफ गार्ड' करने में लगे हैं।

**भारत पहले से ज्यादा स्थिर, सुरक्षित और मजबूत देश है: पीएम** ने कहा- आज भारत एक दशक पहले की तुलना में ज्यादा स्थिर, ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा मजबूत देश है। राजनीतिक भ्रष्टाचार, योजनाओं में गड़बड़ी और जनता-जनार्दन के धन का दुरुपयोग पुरानी सरकारों में यही पहचान बन गई थी। आज भारत सरकार की पहचान उसके निर्णायक फैसलों से होती है। उसके आर्थिक और प्रगतिशील सामाजिक सुधारों से हो रही है।

**'हमारी अर्थव्यवस्था पर अब दुनिया भरोसा करती है':** प्रधानमंत्री ने कहा- आज पूरी दुनिया हमारी विकास यात्रा में साथ चलने को तत्पर है।



**हमारे नौजवान अब दूसरों को नौकरी दे रहे हैं: मोदी**

**प्रधानमंत्री** ने कहा- आज भारत में निजी और सरकारी सेक्टर दोनों ही जगह नौकरियों के निरंतर नए मौके बन रहे हैं। बहुत बड़ी संख्या में हमारे नौजवान स्वरोजगार के लिए भी आगे आ रहे हैं। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्टैंड-अप इंडिया' जैसी योजनाओं ने भारत के युवाओं की क्षमताओं को बढ़ाया है। गारंटी के बिना बैंक से लोन दिलाने वाली मुद्रा योजना ने करोड़ो युवाओं की मदद की है। सरकार से मदद पाने वाले नौजवान अब खुद अनेक युवाओं को नौकरी दे रहे हैं।

**रोजगार मेले सरकार की नई पहचान: पीएम**

**प्रधानमंत्री** ने कार्यक्रम में कहा- राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले ये रोजगार मेले एनडीए और भाजपा सरकार की नई पहचान बन गए हैं। आज एक बार फिर 70 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। मुझे खुशी है कि भाजपा के शासन वाली राज्य सरकारे भी लगातार इस तरह के रोजगार मेले आयोजित कर रही हैं।

**6 केंद्रीय मंत्री देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़ें:** मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में में 6 केंद्रीय मंत्री देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़ें। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चेन्नई से और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी लखनऊ से रोजगार मेले से जुड़ीं। वहीं, उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे वाराणसी से, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी सिकंदराबाद, जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर से और रोड ट्रांसपोर्ट मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से कार्यक्रम में शामिल हुए।

## महागठबंधन को झटका मांझी के बेटे का इस्तीफा..



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**2024** लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने 23 जून को पटना में विपक्षी एकता के लिए 18 दलों की बैठक बुलाई है। बैठक से 10 दिन पहले मंगलवार को बिहार की महागठबंधन सरकार से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक मंत्री ने इस्तीफा दे दिया। हम के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे डॉ. संतोष सुमन ने नीतीश कुमार को इस्तीफा भेज दिया है। सरकार ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सुमन अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री थे। बिहार में पार्टी के 4 विधायक हैं। इधर, इस्तीफे के बाद नीतीश कैबिनेट का विस्तार करने की चर्चा है। दो नए मंत्री बनाए जा सकते हैं। इस्तीफा देने के बाद संतोष सुमन ने कहा- नीतीश कुमार हमारा अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं। वे हमारी पार्टी हम का विलय अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड में करवाना चाहते हैं। पार्टी बचाने के लिए हमने इस्तीफे का विकल्प चुना है। अभी हम सरकार से अलग हुए हैं, महागठबंधन से नहीं। महागठबंधन में रखना है या नहीं, यह लालू और नीतीश तय करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, मांझी के एनडीए में जाने की चर्चा है। इस्तीफे के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने उनके आवास पर पहुंचे।

वहीं, कैबिनेट की 11:30 बजे होने वाली मीटिंग का समय बढ़ाकर शाम 4:30 बजे कर दिया गया।

**'उल्टी गिनती शुरू'**

**बीजेपी** भाजपा नेता और पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि महागठबंधन का हाल यही हुआ है सब बिछड़े बारी-बारी। महागठबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जिस तरह का उन पर दबाव बनाया जा रहा था, इससे तंग आकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। नीतीश कुमार विपक्षी दलों को इकट्ठा करने के लिए 23 जून को बैठक कर रहे हैं। यहां खुद जो उनके साथ हैं उनका साथ छोड़ रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा कि जीतन राम मांझी कोई भी निर्णय सोच-समझ कर लेते हैं।

## सतपुड़ा भवन में लगी आग पर 20 घंटे बाद पाया काबू



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**भोपाल** में मध्यप्रदेश सरकार के दूसरे सबसे बड़े सतपुड़ा भवन में सोमवार शाम 4 बजे लगी आग मंगलवार दोपहर 12 बजे तक पूरी तरह बुझाई जा सकी। मंगलवार सुबह 8 बजे तक टीम ने आग पर काबू पा लिया था, लेकिन 6वें फ्लोर से धुआं उठ रहा था। इसी फ्लोर में सुबह 9.25 बजे फिर आग भड़क गई। इससे पहले भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने आग पर पूरी तरह काबू पाने की जानकारी दी थी। सतपुड़ा भवन में संचालित होने वाले सरकारी दफ्तरों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्यप्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटना को लेकर सुबह 10 बजे सीएम हाउस में रिव्यू मीटिंग की।


## मणिपुर में फिर हिंसा, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**



**मणिपुर** में 3 मई से जारी कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। इम्फाल में संदिग्ध आदिवासियों और नागरिकों के बीच गोलीबारी हुई। इस फायरिंग में एक कुकी की मौत हो गई। 10 लोग घायल हो गए। हिंसा के चलते राज्य में इंटरनेट पर 15 जून तक बैन बढ़ा दिया गया है। कुकी समुदाय के लोग मैतेई गांवों और जंगल में छिपे इस समुदाय के लोगों को तलाशने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह खुलासा बिष्णुपुर जिले के फोइगक्राओ इखाई गांव में ग्रामीणों को ड्रोन मिलने से हुआ है। यह ड्रोन 8 जून को मिला था। ड्रोन में लगे कैमरे में मोइरांग और आसपास के इलाकों के वीडियो फुटेज कैद थे। दिल्ली में 7 जून को कुकी समुदाय के लोगों ने गृहमंत्री अमित शाह के घर के बाहर प्रदर्शन किया था। ये राज्य में जल्द से जल्द शांति स्थापित करने

## उत्तर भारत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**जम्मू-कश्मीर** के डोडा में मंगलवार दोपहर 1:33 बजे 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर के अलावा पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। श्रीनगर में लोग दुकानों और घरों से बाहर आ गए। चश्मदीद ने कहा कि झटके इतने ज्यादा तेज थे कि सभी डर गए। मंगलवार को ही तिब्बत के शिजांग में भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ढउर) के मुताबिक सुबह 3:23 बजे यह भूकंप आया। इसका केंद्र जमीन से 106 किलोमीटर नीचे था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. ओपी मिश्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में भूकंप का केंद्र जमीन से 6-10 किलोमीटर नीचे था।

## 'मई में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 13.54 फीसदी बढ़कर 3,34,247 इकाई रही'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अर्थव्यवस्था** के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। देश में कार से लेकर दोपहिया वाहनों की बिक्री में उछाल आया है। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 13.54 फीसदी बढ़कर 3,34,247 इकाई रही। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने यह जानकारी दी।सियाम ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई महीने में 3,34,247 इकाई रही। पिछले साल मई, 2022 में निर्माताओं ने डीलरों को यात्री वाहनों की 2,94,392 इकाई भेजीं थी। इस तरह सालाना आधार पर इसमें 13.54 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस दौरान दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 14,71,550 इकाई रही।




एमपी के राजगढ़ जिले में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित "किसान कल्याण महाकुंभ" में सहभागिता कर "मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023" के अंतर्गत 2123 करोड़ की राशि 11 लाख से अधिक डिफॉल्टर किसानों के खाते में पहुंची।

## केमिकल टैंकर में लगी आग, 4 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**मुंबई-पुणे** एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया, जिससे इसमें आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हैं। घटना दोपहर 12 बजे खंडाला बाईपास स्थिति एक फ्लाईओवर की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंद मिनटों में पूरा टैंकर जलकर खाक हो गया। इससे निकल रहा केमिकल फ्लाईओवर के नीचे तक गिर रहा था। केमिकल जहां-जहां पहुंचा आग वहां तक फैलती गई। टैंकर में सवार दो लोग और फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रहे दो बाइक सवार आग की चपेट में आ गए।

## किसानों ने टेंट गाड़कर हाईवे जाम किया

### सूरजमुखी एमएसपी और किसानों की रिहाई की मांग; एसपी बोले- मीटिंग हुई

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
**हरियाणा** में सूरजमुखी पर एमएसपी को लेकर भाजपा-जजपा सरकार और किसान संगठन आमने-सामने हो गए हैं। कुरुक्षेत्र में किसानों ने सोमवार दोपहर 2 बजे से जम्मू-दिल्ली नेशनल हाईवे जाम कर रखा है। किसानों ने हाईवे पर ही रात भी गुजारी। सुबह 10 बजे के अल्टीमेटम के बाद किसानों ने टेंट गाड़ दिए। किसानों ने कहा- सूरजमुखी पर एमएसपी की घोषणा की जाए और गुरनाम चढ़ूनी समेत दूसरे किसान नेताओं को रिहा करें। वहीं दोपहर को एसपी सुरेंद्र भोरिया और प्रशासनिक अधिकारियों की



चढ़ूनी यूनियन से जुड़े किसान नेताओं से मीटिंग हुई। एसपी ने कहा- जल्द मामले का समाधान हो जाएगा। वहीं इससे पहले राकेश टिकैत ने कहा कि बड़ा प्रदर्शन करना पड़ेगा। शांतनु शर्मा ने कहा- "जिले में लाठी-डंडे, तलवार, गंडासा आदि किसी भी तरह के घातक हथियार लेकर चलने, पेट्रोल-डीजल के बोतल में बिक्री पर रोक लगा दी गई है। धारा 144 लागू है।" सरकार ने कहा-" हरियाणा में 38,414 एकड़ में सूरजमुखी की फसल है। 8,528 किसानों को भावांतर योजना में प्रति क्विंटल 1000 रुपए अंतरिम राहत राशि दी जाती है।

**नहीं निकला समाधान**

= किसानों ने कहा- सूरजमुखी पर एमएसपी की घोषणा की जाए और गुरनाम चढ़ूनी समेत दूसरे किसान नेताओं को रिहा करें

## हाई कमीशन पर हमला: एनआईए ने सीसीटीवी फुटेज जारी की




**टीम एक्शन इंडिया/लंदन**
**लंदन** में भारतीय हाई कमीशन पर 19 मार्च को हमला करने वालों की सीसीटीवी फुटेज को भारत की टॉप जांच एजेंसी एनआईए ने जारी किया है। वीडियो के साथ ही लोगों को आग्रह किया है कि दिखने वाले खालिस्तानी समर्थकों की पहचान कर वॉट्सऐप नंबर +917290009373 पर भेजें। भारत सरकार व एनआईआए की कोशिशों के बाद भी खालिस्तान समर्थकों ने धर्म की आड़ लेकर मूवमेंट को जारी रखा है। एनआईए इस मामले में जांच कर रही है और खालिस्तान समर्थकों को ढूंढ रही हैं।

## बिपरजॉय से पहले गुजरात-मुंबई में तेज आंधी-बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/पोरबंदर**
**अरब सागर** में उठा तूफान बिपरजॉय गुजरात की ओर बढ़ रहा है। ये तूफान 15 जून की दोपहर को कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार को तूफान कुछ कमजोर हुआ है, हालांकि यह अब भी खतरनाक ही है। 15 जून को जब यह गुजरात तट से टकराएगा तो 150 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। तूफान के चलते गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में आंधी-



बारिश का दौर जारी है, जिसमें पांच लोगों की मौत की खबर है। उधर, अमित शाह ने दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने बिपरजॉय तूफान से निपटने को आपदा प्रबंधन के लिए 8000 करोड़ रुपए की 3 बड़ी स्कीमों की घोषणा की। इसमें फायर ब्रिगेड का आधुनीकरण, बाढ़ नियंत्रण और लैंडस्लाइड की घटनाओं पर रोकथाम शामिल हैं। इसके बाद गुजरात सरकार ने कच्छ-सौराष्ट्र में समुद्र तट से 10 किलोमीटर की सीमा में 7 जिलों से 20 हजार लोगों को निकालकर शेल्टर होम में भेज दिया।

**सावधानी बरतें**

= 15 जून को जब यह गुजरात तट से टकराएगा तो 150 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

## महिला को कॉकपिट में बुलाने वाले दो पायलट्स को हटाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एअर** इंडिया ने महिला को कॉकपिट में इनवाइट करने के आरोप में दो पायलट्स को ड्यूटी से हटा दिया है। घटना पिछले हफ्ते दिल्ली- लेह फ्लाइट अक-445 में हुई। एअर इंडिया मैनेजमेंट को प्लेन के कॉकपिट में अनधिकृत महिला यात्री के आने के बारे में केबिन क्रू से शिकायत मिली थी। इस पर कंपनी ने नियमों का पालन नहीं करने के लिए पायलट और सह-पायलट को डि रोस्टर कर दिया है।

**नियुक्ति पत्र**

### अनुराग ठाकुर ने शिमला में 178 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा

## कांग्रेस की गारंटियां उसी की तरह फेल होती हैं: अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**नरेंद्र मोदी** सरकार द्वारा देश के 43 विभिन्न स्थानों पर छठे राष्ट्रीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इसका वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर शिमला के रोजगार मेले के आयोजन में मौजूद थे। श्री ठाकुर ने वहां उपस्थित 178 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री ठाकुर ने कहा, "आज देश के 43 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया और 70,180 से अधिक युवाओं को सरकार नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र दिए गए।" श्री ठाकुर ने बताया कि यह छठा रोजगार मेला था। पहला रोजगार मेला अक्टूबर 2022 में आयोजित हुआ था जिसमें 75 हजार नौकरियां दी गई थी। उसके बाद अगले सभी रोजगार मेलों में 70000 या 71000 नौकरियां दी गई हैं। हम इस वर्ष 10 लाख नौकरियों के वादे को पूर्ण करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही पिछले 2 वर्षों में विदेशी पूंजी निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है जिससे नई नौकरियां पैदा हुई है। आज भारत का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर है और महंगाई भी 4 फीसदी के आस पास आकर काबू में है। इससे पता चलता है कि सरकार के कदम सही दिशा में जा रहे हैं।



**नौकरियों की बहार**

= आज भारत का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर है और महंगाई भी 4 फीसदी के आस पास आकर काबू में है

## बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हिंसा जारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्सेज की तैनाती का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस शिवगणमन और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिविजनल बेंच ने कहा कि चुनाव से पहले ही हिंसा की 12 घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए राज्य चुनाव आयोग उन सभी जिलों में सेंट्रल फोर्सेज लगाए जो संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इसके अलावा जिन इलाकों में केंद्रीय बलों को तैनात नहीं किया जा सकता, वहां राज्य पुलिस सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाले।

## 4 महिला पहलवानों ने ऑडियो-वीडियो सबूत दिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय कुश्ती** संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली 6 महिला पहलवानों में से 4 ने दिल्ली पुलिस को ऑडियो और विजुअल सबूत मुहैया कराए हैं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया कि दोनों शिकायतकर्ता ने पर्याप्त सबूत नहीं दिए, जो बृजभूषण के खिलाफ उनके आरोपों को साबित कर सकें। हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस बयान की पुष्टि नहीं की है। पुलिस को 2 महिला रेसलर, एक इंटरनेशनल रेफरी और स्टेट लेवल कोच ने पहलवानों के समर्थन में गवाही दी है। उसको आधार



बनाकर पुलिस 15 जून को चार्जशीट पेश करेगी। इस मामले में केस की धाराओं के लिए एडवाइजरी ली जा रही है। 15 को बालिग पहलवानों के केस में दिल्ली पुलिस चार्जशीट पेश करेगी। सूत्रों के मुताबिक नाबालिग पहलवान के केस में पुलिस क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर सकती है। नाबालिग पहलवान यौन शोषण के आरोप वापस ले चुकी है।

**आज हरियाणा बंद, दिल्ली में फल-सब्जी सप्लाई नहीं होगी:** आज खाप पंचायतों का हरियाणा बंद होगा। इस दौरान राज्य में रोड और ट्रेनें बंद रहेंगी। इसके अलावा दिल्ली में फल-सब्जी की सप्लाई भी नहीं होगी।

# प्रीति एवं मंजू चौरसिया के परिजनों को राजीव जैन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी

## राजीव जैन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

**8 जापान में आयोजित जूनियर एशिया हॉकी प्रतियोगिता में कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की हैं हिस्सा**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जापान में** आयोजित जूनियर एशिया हॉकी प्रतियोगिता में कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की सोनीपत वासी दो खिलाड़ियों प्रीति एवं मंजू चौरसिया के परिजनों को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। राजीव जैन खिलाड़ी मंजू चौरसिया के पिता वकील भगत चौरसिया के कालुपुर चुंगी स्थित पान के ठेले पर पहुंचे और कार्यकताओं के साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ का नारा सार्थक करने के लिए मंजू के पिता का मुंह मीठा करवाया और कठिन हालात में इस मुकाम तक पहुंची मंजू चौरसिया की सफलता के



लिए बधाई दी। इसके बाद राजीव जैन भगतसिंह कालोनी में प्रीति के पिता जींद निवासी शमशेर के घर पहुंचे और पति-पत्नी को मिठाई खिलाई।



राजीव जैन ने बताया कि भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में सैक्टर चार स्थित स्टेडियम में हॉकी खेलने के लिए एस्ट्रोट्रफ मैट लगवाया था जिसका परिणाम यह है कि सोनीपत से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की विशेषकर महिला खिलाड़ी प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

राजीव जैन ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूड़ो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर लाने वाली वैस्ट राम नगर की रहने वाली खिलाड़ी प्रियंका का भी स्वागत किया और परिजनों को शुभकामनायें दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है।

# एम.एस.पी घोषित करना मात्र एक जुमला: मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने पिपली में हुई किसान रैली में उमड़े जनसैलाब को भाजपा-जजपा सरकार की तानाशाही नीतियों का परिणाम बताया। मलौर ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है और उसको जनता के हित से कोई लेना देना नहीं । आज भाजपा-जजपा सरकार जिस तरह किसानों की मांगो को अनदेखा कर रही है , वह बहुत निंदनीय है । जब सरकार किसान को एम.एस.पी देना ही नहीं चाहती तो एम.एस.पी को घोषित करने का क्या औचित्य है । जब किसान एम.एस.पी के लिए मांग करते है उनपर लाठियां बरसाई जाती । किसान की जीवनी पूर्ण रूप से फसल पर निर्भर है और अगर किसान को फसल का उचित मूल्य नहीं मिलेगा तो किसान अपने खर्चे कैसे वहन करेगा आज पूरे देश में अपना हक मागने के लिए भी जनता को लाठिंया खानी पड़ती है । कभी पहलवान धरना देते हैं , कभी कर्मचारी और कभी जनता के चुने हुए नुमाइंदों सरपंच प्रदर्शन करते हैं । लेकिन सरकार के कानो



पर जूं तक नहीं रेंग रही । भावान्तर योजना किसान के साथ धोखा है ।एम.एस.पी पर खरीद ना होने से किसान को सूरजमुखी पर प्रति क्विंटल 2000 का नुकसान हो रहा है । पूरे प्रदेश में किसान को सूरजमुखी पर 60 करोड़ का नुक्सान हुआ है जिसकी भरपाई इस योजना से होना मुश्किल है । जिस प्रकार पूरे प्रदेश से पीपली में जनसैलाब पहुंचा , वह इस बात का स्पष्ट परिणाम है कि आज प्रदेश की जनता में सरकार की तानाशाही नीतियों को लेकर भारी रोष है । सरकार को जल्द से जल्द अपना अहंकार छोड़ किसान की मांग को मानना चाहिए।

# मुरलीधर डी.ए.वी. स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तर पर अंबाला को किया गौरवान्वित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से गवर्नर अवार्ड प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा अंबाला का नाम रोशन किया कसमूह गान प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार तथा एकल नृत्य में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर अपने स्कूल तथा अंबाला का नाम रोशन किया कयह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद द्वारा करवाई गई क इस प्रतियोगिता में पहले जिला स्तर



पर 5 प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिर मंडल

**8 कुरुक्षेत्र मे आयोजित किया गया था और तीनों स्तरों को पार करने के बाद गवर्नर अवार्ड प्राप्त किया**

स्तर पर 12 प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें अंबाला,यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पंचकूला मंडल के स्कूल उपस्थित थे जो कि पंचकूला मे आयोजित था कफिर राज्य स्तर पर सभी जिलों के 18 प्रतिभागियों में से द्वितीय स्थान प्राप्त किया जो कि कुरुक्षेत्र मे आयोजित किया गया था और तीनों स्तरों को पार करने के बाद गवर्नर अवार्ड प्राप्त किया है। जो कि गर्व का विषय है। इस अवसर पर डी.ए.वी.सी.एम.सी, चेयरमैन जस्टिस प्रीतम पाल सिंह, स्कूल प्रबंधक डॉ विवेक कोहली तथा स्कूल प्राचार्य डॉ आर आर सूरी ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा संगीत के अध्यापक मनजीत कौर, दिनेश कुमार, शिवानी तथा अन्य अध्यापक कर्मवीर को भी बधाई दी।

# वाटिका सिटी सेंटर में मेडिकल व योग शिवर आयोजित

## कैंप मे उपस्थित सभी योग साधको एंव आमजन का मैडिकल चैकअप किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर के सिविल सर्जन डा. कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एंव भारतीय योग संस्थान के सहयोग से वाटिका, सिटी सैन्टर, अम्बाला शहर में योग शिविर एवं मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप मे उपस्थित सभी योग साधको एंव आमजन का मैडिकल चैकअप किया गया। कैंप मे कुल 85 लोगो की जांच की गई, जिसमे सभी का बल्ड शुगर एंव एचबी तथा बीपी चैक किया गया और इनमे से दो व्यक्ति बीपी एंव 4 व्यक्ति शुगर की बिमारी से ग्रस्त पाये गये। जांच के दौरान ज्यादातर व्यक्तियों का बीपी और शुगर नोर्मल पाया गया केवल बीपी शुगर, एवं एक व्यक्ति सीएडी के पुराने मरीज मिले जिनके सारे स्वास्थय पैरामीटर समान्य पाये गए। जिसका श्रेय उनके द्वारा नियमित रूप से कि गई योग क्रियाओं को जाता है। और कैंप मे उपस्थित सभी चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए स्वास्थय खानपान के साथ-2 योग साधनाओं का भी बहुत महत्व है।



इसके अतिरिक्त डा. बलजिन्द्र कौर उप सिविल सर्जन, (स्कुल हैल्थ) द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे मे भी बताया गया कि सरकार द्वारा यह स्पैशल प्रोग्राम है, जोकि जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चो की 44 बिमारियों जैसा कि दिल मे छेद होना, आखो की सर्जरी या भेंगापन, कान से न सुनना, होंठ अथवा तालु का कटा होना, हाथ पैरो का टेढ़ा मेढे होना इत्यदि का ईलाज जाने माने प्राईवेट अस्पतालों(जैसे कि फोंटिस अस्पताल मोहाली, इन्डस अस्पताल डेरा बस्सी, कपिल आंखो का अस्पताल अम्बाला, बाला जी समाईल ट्रेन अस्पताल करनाल) एंव सरकारी अस्पतालों (पीजीआई चण्ड़ीगढ) मे मुफ्त मे करवाया जाता है, और वर्ष 2013 से शुरू हुये इस कार्यक्रम मे अब तक अम्बाला जिला मे 397 बच्चों पर लगभग 3 करोड़ 78 लाख 62 हजार 918 रुपए खर्च किया जा चुके है। कैंप के दौरान यह भी बताया कि बिमारी के ऊपरी खर्च की तय सीमा नही है। इस मौके पर उन्होने आग्रह किया कि इस जानकारी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।

# पंजाब में झूठे वायदे करके सत्ता में आई आम आदमी पार्टी: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने पंजाब सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल पर वैट बढ़ाने पर तंज कसते हुए कहा कि ह्लपंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार झूठे वायदे करके सत्ता में आई, अब वो वायदे पूरे करने मुश्किल हो रहे हैं, इसलिए लोगों की जेब से यह किसी ने किसी बहाने पैसे निकलवा रहे हैंह्व। वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ गलत शब्दों का प्रयोग करने के सवाल पर श्री विज ने कहा कि ऐसे पदों पर रहकर शब्दवाली का सही प्रयोग करना चाहिए और 2024 में निश्चित तौर पर भाजपा ही जीतेगी। देश में जितनी तरक्की पीएम नरेंद्र मोदी के समय हुई

**उतनी कभी नहीं हुई : मंत्री अनिल विज-** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि देश ने जितनी तरक्की पीएम नरेंद्र मोदी के समय में हुई है उतनी तरक्की कभी नहीं हुई और देश का सम्मान जितना मोदी राज में हुआ है उतना कभी नहीं हुआ लेकिन केजरीवाल को यह नजर नहीं आता क्योंकि आप का जन्म झूठ से हुआ है। अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन



किया था, उस आंदोलन की आड़ में आम आदमी पार्टी बनाई थी। उन्होंने कहा जिस पार्टी का जन्म झूठ से हुआ उससे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। गौरतलब है कि केजरीवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी पर विकास कार्य रोकने के आरोप लगाए थे। गृह मंत्री अनिल विज ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि ह्क्या उनके बाकी मंत्री भी सतेंद्र जैन और सिसोदिया जैसे है, ऐसा कहकर केजरीवाल ये बताना चाह रहे है कि उनकी सारी सेना ही ऐसी है, उन्होंने कहा कि सतेंद्र जैन व सिसोदिया को जेल में उनके कर्मों व कोर्ट ने किया है। गौरतलब है कि केजरीवाल ने एक बयान में कहा था कि बेशक सतेंद्र जैन व सिसोदिया को जेल में डाल दिया हो लेकिन उनके पास काम करने वाले 100 सिसोदिया व 100 जैन है।

# सुरेंद्र मदान को बधाई देने वालों का लगा तांता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी के पिछले सप्ताह वाइस चेयरमैन चुने जाने के बाद वार्ड पार्षद एवं शहीद भगत सिंह मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र मदान को बधाई देने का सिलसिला नियमित रूप से जारी है। इसी कड़ी में आज भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्या शीला देवी ने कुछ भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ सुरेंद्र मदान को उनके कार्यालय में पहुंचकर बुके देकर स्वागत किया और उनको मिठाई खिलाई। उनके साथ आए शहीद



भगत सिंह मंडल के महामंत्री एम एल आहूजा, ओ बी सी मोर्चा के अध्यक्ष आर बी सैनी, जोगिंदर राठी, उमेद सिंह, जितेंद्र, ए एल मदान, आरती, नितिन तनेजा ने भी सुरेंद्र मदान को मिठाई खिलाई और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुरेंद्र मदान ने बधाई देने आए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार किया।

# किसान आंदोलन के चलते रुट किया डायवर्ट

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह भोरिया आईपीएस ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर किसान आन्दोलन के चलते आम नागरिकों की सुविधा के लिए वाहन चालकों के लिए रूट को डायवर्ट किया गया है। इसलिए सभी वाहन चालक वैकल्पिक रूट का प्रयोग करें।.दिल्ली से चण्डीगढ-अम्बाला की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए पानीपत पेप्सी चौंक से होते हुए नैशनल हाईवे152-डी से जा सकते है। करनाल से निसिंग से होते हुए नैशनल हाईवे 152-डी से जा सकते है ।

# पंवार ने मंत्री से मिलकर पेयजल कनेक्शन के लिए नई पॉलिसी की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा सचिवालय, चंडीगढ़ में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता से मिलकर सोनीपत विधानसभा में हजारों क्षेत्रवासियों को अवैध सीवरेज व पेयजल कनेक्शन का नोटिस मिलने के बारे में अवगत करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मंत्री को पत्र सौंपकर मांग की है कि जिन क्षेत्रवासियों को नगर निगम सोनीपत की तरफ से अवैध कनेक्शन के नाम पर नोटिस भेजा गया है, उन सभी के लिए पूर्व में लाई गई पॉलिसी की तरह एक नई पॉलिसी लाकर सीवरेज व पेयजल कनेक्शन दिया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार की मांग पर शहरी एवं



स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने जल्द ही सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।
विधायक सुरेंद्र पवार ने मंत्री को दिए मांग पत्र में अवगत करवाया कि जन स्वास्थ्य अभयांत्रिकी विभाग अर्बन एरिया की शाखा को नगर निगम सोनीपत में 16.09.2018 को शामिल कर दिया गया था। जिसके उपरान्त नगर

**8 सभी के लिए पूर्व में लाई गई पॉलिसी की तरह एक नई पॉलिसी लाकर सीवरेज व पेयजल कनेक्शन दिया जाए**

निगम सोनीपत की सीमा के अन्दर पानी व सीवर का कार्य नगर निगम सोनीपत द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान समय में नगर निगम सोनीपत द्वारा पानी व सीवर के कनेक्शन का सर्वे करवाया गया, जिसमे विभाग द्वारा बिना अनुमति के किये गये कनेक्शन मालिकों को हरियाणा नगर निगम एक्ट 1994 के तहत नोटिस दिए गये, जिसमे उनके द्वारा पानी व सीवर के कनेक्शन को लीगल करने हेतु सरकार द्वारा जारी की गई पालिसी के अनुसार प्रति वर्ष 5% बढ़ोतरी दर के साथ वर्ष 2023-24 में घरेलू पानी के कनेक्शन हेतु रु4640/- व सीवर के कनेक्शन हेतु रु 5887/- कार्यालय में जमा करवाए जाने है। अचानक से इतनी बड़ी राशि से क्षेत्रवासी काफी परेशान है।

सरकार द्वारा समय-समय पर आमजन को लाभ पहुँचाने के लिए पालिसी पूर्व में भी जारी की गयी थी, जिसमें नए कनेक्शन पर रोड कट चार्ज व कनेक्शन फीस को माफ कर दिया गया था, इसके साथ ही सीवरेज व पेयजल के बिल भरने पर भी छूट दी गई थी।

# आर के कॉलोनी की गलियां होंगी इंटरलॉकिंग टाइलों से पक्की

## नगर निगम मेयर निखिल मदान एवं निगम पार्षद रेणु कपूर सैनी ने किया विकास कार्यों का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान मंगलवार को वार्ड नंबर 6 की आर के कॉलोनी में पहुंचे जहां उन्होंने निगम पार्षद रेणु कपूर सैनी के साथ मिलकर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि आर के कॉलोनी के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी कि उनकी सभी गलियों को पक्का करवाया जाए। जिसे संज्ञान में लेते हुए आज कालोनी की तीन मुख्य गलियों और विभिन्न ब्रांच गलियों को इंटरलॉकिंग टाइलों से पक्का किए जाने के कार्य का शुभारंभ



किया गया है। इस कार्य के पूरा होते ही क्षेत्र की लगभग सभी गलियां पक्की हो जाएंगी।

निगम पार्षद रेणु सैनी ने बताया कि 49 लाख रु की लागत से इन गलियों को पक्का किया जाएगा जिसका निर्माण कार्य आज शुरू किया गया है।
इस अवसर पर बेटी अंशिका ने

**8 मेयर निखिल मदान ने बताया कि आर के कॉलोनी के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी**

रिब्बन काटकर एवं वरिष्ठ नागरिक राज किशन ने नारियल फोड़कर विकास कार्यों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मौके पर निगम पार्षद रेणु सैनी, प्रवीण सैनी, बलराज, रणधीर सिंह, रविंदर मुरथल, प्रदीप राठी, दीपक सांगवान, पवन, गीता स्वासतिक आर्य ब्लॉक समिति मेंबर, कुलदीप, अंजू,जगवती, नीता, भूपेंदर, सोनू, किशन, दीपक, प्रमिला आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी हुए 5 ट्यूबवेल के पंखे व एक मोटर बिजली की बरामद

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के** गाँव गोपालपुर के खेतों में हुई चोरी के मामले में खरखौदा पुलिस द्वारा 4 चोर गिरफ्तार किए गए है। पुलिस विभाग के अधिकारी एसीपी जीत बेनीवाल ने जानकारी देते हूए बताया कि गाँव गोपालपुर के खेतों से किसानों के ट्यूबल की मोटर और पंखे चोरी होने की सूचना खरखौदा पुलिस को मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, उनकी पुलिस टीम ने भूपेन्द्र, सिकंदर, गांव बहराणा हाल किरायेदार महाबीर कालोनी खरखौदा , और साहिल व सागर गाँव गोपालपुर को गिरफ्तार करने में



सफलता हासिल की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी सागर की गाडी नंबर एच आर 69 ई अठावन अठानवे गाडी सहित 5 टयूबल के पंखे व एक मोटर बिजली बरामद हुई है।

गिरफ्तार आरोपी सागर पर गोहाना में 2 मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज हैं।जिसपर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज किया हैं गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा, ताकि अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सके।

# सब्जी मंडियों में चारदीवारी, शेड के निर्माण के लिए बनाई जाएगी नई नीति

## नई नीति के अनुसार एक समिति का किया जाएगा गठन, समिति में आढ़ती भी होंगे भागीदार, समिति अपने स्तर पर करवा सकेगी मंडी के कार्य, सब्जी मंडी में मार्केट फीस व एचआरडीएफ दर को किया जाएगा एकमुश्त- मनोहर लाल

8 इस समिति को मार्केट फीस में से कुछ राशि उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे समिति मंडी के कार्य अपने स्तर पर करवा सकेगी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेशभर में सब्जी मंडियों में चारदीवारी, शेड के निर्माण व मरम्मत, गेट तथा सफाई व्यवस्था इत्यादि कार्यों के लिए एक नई नीति बनाई जाएगी। इसके अंतर्गत एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें आढ़ती भागीदार होंगे। इस समिति को मार्केट फीस में से कुछ राशि उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे समिति मंडी के कार्य अपने स्तर पर करवा सकेगी। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैथल में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत, विधायक सुभाष सुधा सहित अन्य गणमान्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**सब्जी मंडी में मार्केट फीस व एचआरडीएफ दर को किया जाएगा एकमुश्तः** मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेशभर में सब्जी मंडी में लगने वाली मार्केट फीस व एचआरडीएफ दर को अब एकमुश्त तय किया जाएगा। इससे संबंधित नियमों में संशोधन के विधेयक को विधानसभा से पारित किया जा चुका है। अभी 2 प्रतिशत मार्केट फीस व 2 प्रतिशत एचआरडीएफ की दर लागू है। आढ़तियों की मांग पर सरकार ने विचार करते हुए इसे एकमुश्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कैथल में ट्रांसपोर्ट नगर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा नीति के तहत व्यापारियों को दुकानें बेची गई थी। लेकिन नीति में कुछ नियम व शर्तों के कारण आज व्यापारी अपनी दुकानें आगे बेच नहीं पा रहे हैं।

सरकार ने व्यापारियों की कठिनाई को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि ऐसे व्यापारियों के लिए नई नीति बनाई जाएगी और उन्हें नियमों में छूट दी जाएगी, जिससे वे अपनी दुकानें बेचने में सक्षम हो सकेंगे।

### हमारी सरकार ने खत्म किया इन्सपेक्टरी राजः सीएम

**मनोहर** लाल ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में व्यापारियों को काफी परेशानी होती थी। लेकिन हमारी सरकार ने इन्सपेक्टरी राज को खत्म करने का काम किया। राज्य सरकार ने प्रदेश में कारोबारी माहौल बनाने के लिए अनेक नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि जब देश में जीएसटी को लागू किया गया तब व्यापारियों के मन में कई प्रकार की शंकाएं थी। हरियाणा सरकार ने व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और जीएसटी प्रक्रिया को सरल बनाया । आज व्यापारी इस सिस्टम से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसान, व्यापारी, मजदूर तथा अन्य सभी वर्गों के कल्याण के लिए कर्तव्यबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती उपस्थित रहे।

### 'सरकारी गोदामों को शहर से बाहर किया जाएगा शिफ्ट'

**मनोहर लाल ने** कहा कि प्रदेशभर में शहरों में बने सरकारी गोदामों को शहर से बाहर शिफ्ट करने के लिए भी नीति बनाई जा रही है। जल्द ही ऐसे गोदामों को शहर से बाहर स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंडियों में दुकानों से संबंधित चल रहे विवादों के निपटान के लिए सरकार द्वारा चलाई गई विवादों का समाधान योजना को 1 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नैफेड द्वारा की जाने वाली फसलों की खरीद पर 1.25 प्रतिशत हैंडलिंग चार्जिस आढ़तियों को देने की घोषणा हरियाणा सरकार द्वारा पहले ही की जा चुकी है। फिर भी यदि कोई कठिनाई आ रही है तो नैफेड से बातचीत करके इस फैसले का लागू करवाया जाएगा।

हैंडलिंग चार्जिस आढ़तियों को अवश्य मिलेंगे। आढ़तियों को किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़, सरकार व्यापारियों के कल्याण के लिए चला रही अनेक योजनाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने व्यापारियों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। वर्तमान राज्य सरकार भी व्यापारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हरियाणा में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड का भी गठन किया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री व्यापारी सामुहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना के तहत व्यापारियों को बीमा कवर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई लघु व्यापारी मानधन योजना के तहत छोटे व्यापारियों को 6 हजार रुपये वार्षिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। इतना हीं नहीं, पीएम-स्वनिधी योजना के तहत रेहड़ी-फड़ी वालों को 10 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है।

# प्रदेश के सभी गॉवों में बनाए जाएंगे आपदा मित्र : दुष्यंत चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के सभी गॉवों में आपदा मित्र बनाए जाएंगे जो कि आपदा के समय वॉलंटियर के तौर पर कार्य करेंगे , जल्द ही इनका रजिस्ट्रेशन करने के लिए पोर्टल आरम्भ किया जाएगा। यह जानकारी डिप्टी सीएम , जिनके पास राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार भी है , ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सभी राज्यों के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्रियों की बैठक में शिरकत करने के बाद दी। बैठक में उपमुख्यमंत्री के साथ आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश खुल्लर भी शामिल हुए।
उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को आपदा प्रबंधन से संबंधित एक मैनुअल भेजा था जिसमें विभिन्न बिंदु शामिल थे , इन बिंदुओं पर हरियाणा सरकार ने काफी काम किया है , फिर भी जो बचा हुआ काम है उसको दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन बोर्ड द्वारा जिला से लेकर ग्राम स्तर तक कमेटियां बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बाढ़ और सूखे जैसी संभावित आपदा के समय राहत देने के लिए 1,100 करोड़ रुपए मंजूर किये गए हैं , जबकि पिछले वर्षों में क्रमशः 500 करोड़ और 300 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का प्रावधान किया गया था। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में बारिश के कारण पानी भरता है , उसकी निकासी तथा नहरों आदि में पानी डालने के लिए भी योजना बनाई जा रही है ताकि न तो फसलों को नुकसान हो और न ही अन्य जान -माल का नुकसान हो। दुष्यंत चौटाला ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा संभावित आपदा से पूर्व मोबाइल आदि के माध्यम से मैसेज भेज कर सचेत किया जा रहा है। इस वर्ष भी प्रदेश के लोगों को भारी बरसात , तेज आंधी आदि से संबंधित मैसेज एडवांस में भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने आज जानकारी दी कि आसमानी बिजली गिरने से होने वाली आगजनी का पूवार्नुमान लगाने वाली तकनीक का ईजाद हो गया है।

## पत्नी से झगड़ा करके बच्चों को जहर पिलाया, खुद भी गटका

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**जिले के** बरवाला कस्बे में एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ झगड़ा करके बच्चों को कीटनाशक पिला दिया और खुद भी पी लिया। गंभीर हालत में बाप-बेटे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मंगलवार को उसकी पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला सीमा ने कहा है कि उसके दो लड़के हैं। बड़ा लड़का केशव 10 साल का और छोटा लड़का कार्तिक सात साल का है। उसका पति बलराज गाड़ी चलाता है। एक दिन पहले उसे गाड़ी लेकर उत्तर प्रदेश जाना था लेकिन सुबह पहले उसने शराब पी और दोपहर को उसके साथ झगड़ा करने लगा।

# चिंटल्स पैराडिसो का जी-टावर भी रहने के लिए असुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**सेक्टर-109** स्थित चिंटल्स पैराडिसो सोसायटी में अब जी-टावर को भी असुरक्षित घोषित किया गया है। आईआईटी दिल्ली द्वारा जारी स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट में टावर-जी को इंसानों के रहने के लिए असुरक्षित बताया गया है। लोगों को जल्द से जल्द टावर खाली करने के निर्देश जिलाधीश की ओर से दिए गए हैं।
जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने धारा 144 लगाने के साथ-साथ टावर-जी में रहने वाले निवासियों को अगले 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने के आदेश दिए हैं। इस कार्य के लिए डीटीपी (ई) को नोडल अधिकारी एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट




नियुक्त किया गया है। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**पहले डी, ई व एफ टावर किए थे असुरक्षित घोषितः** टावर-जी से पहले यहां तीन अन्य टावर को भी असुरक्षित घोषित किया जा चुका है। इसकी शुरूआत हुई थी फरवरी 2022 में डी-टावर के भीतर छत का लेंटर गिरने से। 18 मंजिला डी-टावर की छठी मंजिल से लेंटर गिरने से नीचे तक के लेंटर गिर गए थे। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी। काफी विवादों के बीच आईआईटी दिल्ली की टीम ने नवंबर 2022 में टावर-डी की गहनता से जांच करके रिपोर्ट में इसे रहने के लिए असुरक्षित बताया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि इमारतों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कंक्रीट में क्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई है, जिससे निर्माण में इस्तेमाल होने वाला स्टील और कंक्रीट नष्ट हो गया। इस मामले में सीबीआई जांच भी शुरू की गई, जिसमें सीबीआई ने चिंटल्स पैराडिसो के मालिक अशोक सोलोमन के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर की शिकायत पर नया केस गुरुग्राम पुलिस ने भी दर्ज किया। यह केस चिंटल्स के एमडी अजय सोलोमन, स्ट्रक्टर इंजीनियर, डिजाइन कंसल्टेंट समेत सात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया।

# पटौदी में मिट्टी धंसने से तीन महिलाओं की मौत, चार घायल

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
जिले के पटौदी थाना के अंतर्गत दराबपुर गांव में मनरेगा के तहत पंचायत के तालाब की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से सात महिलाएं दब गईं। इस हादसे में तीन महिला मजदूरों की मौत हो गई व चार महिलाएं घायल हुई है। घायलों को गुरुग्राम के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक पटौदी थाना के अंतर्गत दराबपुर गांव में मनरेगा के तहत एक तालाब की खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान

8 पटौदी थाना के अंतर्गत दराबपुर गांव में मनरेगा के तहत एक तालाब की खुदाई का काम चल रहा था

मिट्टी का बड़ा हिस्सा ढह गया। इससे वहां नीचे काम कर ही महिलाएं मलबे में दब गई। घटना के समय वहां आठ महिलाएं काम कर रही थी, जिनमें से सात महिलाएं मिट्टी के नीचे दब गईं। आनन फानन में मिट्टी हटाकर सभी महिलाओं को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने तीन महिलाओं को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार अन्य महिलाएं घायल हैं, जिन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे में मरने वाली महिलाओं की पहचान प्रियंका, बिल्लो और कोला के रूप में हुई है।

## व्यापारियों के हित में काम कर रही है मोदी सरकारः अनिल अग्रवाल

**पानीपतः** दिल्ली से राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश के व्यापारियों के हित में काम कर रही है। सरकार ने व्यापारियों के लिये कई योजनाएं शुरू की है और उनका सीधा लाभ व्यापारियों को मिल रहा है। देश का व्यापारी आज विश्व के किसी भी देश में जाए तो उनको पूरा मान सम्मान मिल रहा है, यह सब मोदी सरकार की बदौल्लत है। पीएम मोदी ने व्यापारी ही नही देश के हर नागरिक का पूरे विश्व में मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल मंगलवार शाम को मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर सेक्टर 24 के अग्रवाल भवन में आयोजित करनाल लोकसभा क्षेत्र के व्यापारी सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमित पाल, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, जिला प्रभारी संदीप जोशी, पिछड़ा वर्ग की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, करनाल से रेनू बाला गुप्ता, पानीपत भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, करनाल जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा आदि ने शिरकत की।

# वाहन पंजीकरण के 20 लाख रुपये देकर भागा था, मिली तीन साल की सजा

## एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी को 20 लाख के गबन में तीन साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**यहां एसडी**एम सतीश यादव के कार्यालय के एक कर्मचारी को 20 लाख रुपये के गबन मामले में अदालत ने तीन साल की सजा व 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को कर्नाटक के मैसूर से काबू किया। वाहन पंजीकरण क्लर्क अजय ने वाहन पंजीकरण की फीस जमा कराने के लिए 16 मार्च 2016 को योगेंद्र को बैंक में भेजा था। 16, 17 व 18 मार्च को सरकारी फीस जमा कराने के लिए भेजने के बाद योगेंद्र ने कहा कि बैंक का सर्वर डाउन है। 21 मार्च को 20.69 लाख रुपये



लेकर योगेंद्र को फिर से बैंक भेजा गया। सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय से निकले योगेंद्र से कार्यालय के किसी भी कर्मचारी का संपर्क नहीं हो सका। ना ही उसने वह रकम जमा कराई। एसडीएम कार्यालय की तरफ से थाना शहर की पुलिस चौकी खांडसा रोड को योगेंद्र के गायब होने की शिकायत दी गई। 22 मार्च को थाना शहर पुलिस ने योगेंद्र के खिलाफ तत्कालीन

8 योगेंद्र ने खुद पर आरोप तय होने के बाद ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट विक्रांत की अदालत से सजा में माफी की मांग की थी

एसडीएम (साउथ) सतीश यादव की शिकायत पर गबन का मामला दर्ज कर लिया। 31 मार्च 2016 को योगेंद्र के पिता मेदराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 21 मार्च से गायब है। बेटे के दोस्त की मां ने सात लाख रुपये सरकारी फीस एक्सिस बैंक में जमा करा दिए हैं। इसके बाद पुलिस ने 11 अप्रैल को आरोपी योगेंद्र को कर्नाटक के मैसूर शहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के घर से 2 लाख रुपये और रेवाड़ी के गांव ततारपुर से 11.69 लाख दो लाख रुपये बरामद किए थे।
**आरोप तय होने के बाद मांगी थी सजा में माफीः** योगेंद्र ने खुद पर आरोप तय होने के बाद ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट विक्रांत की अदालत से सजा में माफी की मांग की थी। इसके लिए उसने बुजुर्ग मां-बाप का हवाला दिया। अदालत में यह भी प्रमुखता से कहा गया कि यह मामला सरकारी पैसे के गबन का है। इसलिए सजा में छूट देना उचित नहीं। अदालत ने सबूत और गवाहों के आधार

# उड़न दस्ते ने छापा मारकर 22 रसोई गैस सिलेंडर पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**पुराना हमीदा** के गढ़ी रोड पर स्थित एक पशु अस्तबल में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री उड़न दस्ते द्वारा छापा मारकर चोरी से भरे जा रहे 22 रसोई गैस सिलेंडरों को टेंपो सहित पकड़ लिया गया। वहां पर रसोई गैस के सिलेंडरों से गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरी जा रही थी। मौके पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम के जांच अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह पुराना हमीदा के गढ़ी रोड पर स्थित एक पशु अस्तबल पर छापा मारा गया। मौके पर से 22 घरेलू सिलेंडर सहित टेंपो को भी कब्जे में ले लिया, जिनमें गैस चोरी करने की बात सामने आई है। मौके पर तीन व्यक्तियों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।
जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी सुखचैन सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके से 22 रसोई गैस सिलेंडर पकड़े गए हैं, जिनकी नापतोल जांच करने पर 2 सिलेंडरों में गैस कम पाई गई है जबकि 1 सिलेंडर में अधिक मात्रा में पाई गई है। मौके पर गैस तोलने वाला कंडा और गैस भरने वाली बांसुरी को जब्त कर लिया गया है। तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए यमुनानगर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# शिक्षिका, दुकानदार व स्पेशल पुलिस ऑफिसर के घर से आभूषण व नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सिविल** लाइन थाना व शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्थित मकानों से चोरी की वारदातें सामने आई है। मकान मालिकों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
**पहला मामला**-वेस्ट रामनगर निवासी राकेश ने बताया कि वह मुरथल ट्रैफिक थाना में एसपीओ है। वह 10 जून को अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित उत्तराखंड के हरिद्वार में गए थे। वहां से 12 जून को रात साढ़े नौ बजे घर पर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अंदर अलमारी से सोने की चेन, सोने का हार, दो जोड़ी कानों की बालियां, दो सोने की अंगूठी व 30 हजार रुपये चोरी मिले। उनके घर में घुसकर चोर आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिं खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
**दूसरा मामला**-वहीं महलाना रोड स्थित चौहान कॉलोनी निवासी बलवान सिंह ने बताया कि उनकी बेटी मीनू पानीपत के राक्सेड़ा स्थित सरकारी स्कूल में कार्यरत है। वह सरस्वती विहार में मकान किराए पर लेकर रहती है। उनकी बेटी 8 जून को अपने मकान पर ताला बंद कर अपने बड़े भाई नवीन के पास गुरुग्राम गई थी। सोमवार को मकान मालिक ने उन्हें सूचना दी कि मीनू के कमरे का ताला टूटा हुआ है। जिस पर वह कमरे पर गया और जांच की तो कमरे से एक लैपटॉप, मोबाइल व एक हजार रुपये की नकदी चोरी मिली। उन्होंने आसपास पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया।

# केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

## अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़े युवा शक्तिः राव इंद्रजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**केंद्रीय** राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत काल में युवाओं को अमृत लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। वे मंगलवार को गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में भारत सरकार के मिशन मोड रिक्रूटमेंट अभियान के तहत आयोजित पीएम रोजगार मेले में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदान देना है और देश को पुनः एक बार विश्वगुरु बनाना है। ऐसे में देश की युवाशक्ति भारत को अगले 25 साल



में विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़े। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ही गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित किया। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आयोजित किया गया था। केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पीएम रोजगार मेले का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश कि युवाशक्ति सौभाग्यशाली है कि उन्हें प्रेरणा देने के लिए नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है। ऐसे में आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हमारे देश को निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर रखने के लिए हमे आने वाले 25 वर्षों पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य को केंद्रित करना है। राव ने भारत की गौरवशाली यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि विश्व मे हम सबसे पुरानी सभ्यता हैं। उन्होंने आजादी के बाद के 75 वर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस देश में सुई भी बाहर से बनकर आती थी, आज वह देश अपनी अपनी युवाशक्ति के बल पर अंतरिक्ष में अपने साथ साथ अन्य देशों के सैटेलाइट को भी लांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हम अमेरिका से गेहूं निर्यात करना पड़ता था, लेकिन आज हमारे देश के कमेरे वर्ग यानी किसानों की अथक मेहनत से देश के अन्न भंडार भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की दूरद्दष्टी व किसानों की मेहनत का ही फल है कि कोरोना काल से लगातार देश की 70 प्रतिशत आबादी को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में भारत सरकार के वित्तिय सेवाएं विभाग के अंडर सेक्रेटरी एलसी त्रेहान, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक विजय दुबे, राजीव जैन, एलडीएम अशोक कुमार सहित रोजगार मेले में नियुक्ति पाने वाले विभिन्न युवक व युवतियां उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी मोहित उर्फ गुच्ची पुत्र सुनहरा वासी किरायेदार चौड़ा बाजार करनाल को नजदीक मयूर ढाबा जीटी रोड सर्विस लाइन से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह शराब का नशा करने का आदी है और उसे हथियार के साथ मोबाइल पर वीडियोध्रील बनाने का शौक है। वीडियोध्रील बनाने के लिए आरोपी उपरोक्त हथियार को करीब चार महीने पहले उत्तर प्रदेश के गंगोह से एक व्यक्ति से पांच हजार रुपए में खरीदकर लाया था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में आरोपी संदीप उर्फ बिट्टा पुत्र अशोक कुमार वासी गांव रसूलपुर कला जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर गांव रसूलपुर कला के बस अड्डा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने का आदी है। नशा पूर्ति के लिए रूप्यों को इंतजाम करने के लिए आरोपी ने उक्त वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से चुराया गया एक मोबाइल फोन व तीन हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता पुष्पा वासी रसुलपुर कला ने अक्टूबर 2022 में पुलिस थाना कुंजपुरा में एक शिकायत देते हुए बताया था कि वारदात वाली रात वह अपने परिवार के साथ पड़ोस में ही एक जागरण में गई हुई थी। उसी समय पीछे से कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसा और उसकी लडकी के पर्स में से सोने चांदी के जेवरात, एक मोबाइल फोन व करीब छह हजार रुपए की नगदी चोरी करके मौका से फरार हो गया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर आयोजित किया जाए जागरूकता कार्यक्रम

**8 नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गठित जिला स्तरीय कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी**

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बेहतरीन ढंग से किया जाए और इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागेदारी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उपमण्डल स्तर पर एसडीएम भी अपनी देखरेख में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करावाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को नशे जैसे सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में



नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गठित जिला स्तरीय कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत देश के 272 जिलो में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली तरीके से लागू करने के लिए संबंधित जिलो से नैशनल एक्सन प्लान की मांग की है। जिला में इस प्लान को तैयार करने के लिए एडीसी ने डिप्टी सीएमओ व रैड क्रॉस सोसाईटी के सचिव को जिम्मेदारी सौंपी हैं और कहा कि यह एक अच्छा अवसर है नशे जैसी बुराई को खत्म करने के लिए बढिया तरीके से कार्य करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में नशे की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाए तथा नशे से ग्रस्त लोगों का उपचार करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला में जितनी भी टीमें गठित की गई हैं। उन सभी को एक्टिव किया जाए और उन को एक लक्ष्य दिया जाए। सीएम के दौरे के दौरान शिव कालोनी व शास्त्री नगर में नशे की बिक्री की शिकायत मिली है। उन पर भी जल्द कार्यवाही की जाएं और वहां पर जागरूकता कैम्प लगाए जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत करवाए जाने वाली गतिविधियों का प्रिंट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाएं। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित नशा मुक्ति केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि हावक पोर्टल / प्रयास एप्प पर नशा ग्रसितों का डाटा अपलोड एप्प पर आगामी एक सप्ताह में अवश्य अपलोड करवाया जाए।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा पदयात्रा के साथ हुआ आरंभ



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **हरियाणा पुलिस** अकादमी में नशा मुक्त भारत पखवाड़ाइ के तहत आज पदयात्रा आयोजन किया गया। इस यात्रा के अकादमी निदेशक डॉ. सीएस राव की ओर से अकादमी के पुलिस उप-महानिरीक्षक डॉ. अरूण सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसमें अकादमी के प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षको ने भाग लिया। यह पदयात्रा अकादमी के नेता सुभाष चंद्र बोस दीक्षांत परेड मैदान से आरंभ होकर मधुबन पुलिस परिसर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई अकादमी में स्थित एकता स्थल पर संपन्न हुई। डॉ. अरूण सिंह ने पदयात्रा भागीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले हमें स्वयं नशे से दूर रहना है। उन्होंने कहा कि पुलिस का सदस्य होने के नाते भी और मानवता के प्रति कर्तव्य को निभाने के लिए हमें नागरिकों को नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक हानि के बारे में जागरूकरना है। हमें इस नशा मुक्त भारत पखवाडा से प्रेरित होकर अपने घर, परिवार, गांव व देश को नशा मुक्त बनाने में बढ़-चढ़ कर योगदान देना है।

# सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में हुआ एमआरसीएस का ट्रेनिंग प्रोग्राम

**देश और दुनिया से आए 25 से ज्यादा प्रतिभागियों को किया गया गाइड**


**गुरूग्राम/टीम एक्शन इंडिया।** **सीके बिरला अ**स्पताल गुरुग्राम के मशहूर ब्रेस्ट कैंसर सर्जन डॉक्टर रोहन खंडेलवाल ने हाल ही में एमआरसीएस पार्ट-बी के ट्रेनिंग प्रोग्राम को सफलतापूर्वक लीड किया। एमआरसीएस वह एग्जाम होता है जो यूनाइटेड किंगडम में प्रैक्टिस करने के लिए सर्जन के लिए जरूरी होता है। ये ट्रेनिंग प्रोग्राम सीके बिरला अस्पताल में ही कराया गया, जहां चेन्नई और दिल्ली के नामचीन फैकल्टी ने देश और दुनिया से आए 25 से ज्यादा प्रतिभागियों को गाइड किया। एमआरसीएस पार्ट-बी ट्रेनिंग



कार्यक्रम में सर्जनों को एडिनबर्ग के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स और इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स द्वारा कराई जाने वाली इस मुश्किल परीक्षा में सफलता पाने के टिप्स दिए गए। डॉ.रोहन खंडेलवाल, जो इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं, ने भी यहां पहुंचे प्रतिभागियों की लर्निंग के लिए प्रोग्राम को लीड किया। चेन्नई और दिल्ली के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों से यहां फैकल्टी पहुंची, जिन्होंने हाई क्वालिटी एजुकेशन और ट्रेनिंग दी। अपने अनुभव और विशेषज्ञता के साथ, फैकल्टी सदस्यों ने प्रैक्टिकल स्किल्स बताए और एमआरसीएस पार्ट-बी एग्जाम की बारीकियों के बारे में यहां पहुंचे प्रतिभागियों को जानकारी दी। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आए। इसमें केवल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी सर्जन पहुंचे। अलग-अलग इलाकों व एक्सपर्टीज के साथ पहुंचे सर्जनों ने एक-दूसरे से अनुभव साझा किए और इन प्रतिभागियों के बीच विचारों और दृष्टिकोणों एक बेहतर आदान-प्रदान देखने को मिला। ट्रेनिंग प्रोग्राम में पहुंचे प्रतिभागियों के साथ-साथ कार्यक्रम की सफलता का श्रेय डॉक्टर रोहन खंडेलवाल और डॉ. विनायक रेंगन को दिया जा रहा है। एमआरसीएस पार्ट.बी ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर डॉक्टर रोहन खंडेलवाल भी खासा उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि मुझे सीके बिरला अस्पताल में इस ट्रेनिंग कार्यक्रम को आयोजित करने का अवसर मिलने की बेहद खुशी है। इस तरह के सम्मानित फैकल्टी मेंबर्स के साथ काम करना और प्रतिभागियों के जुनून और समर्पण को देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। मुझे भरोसा है कि जो प्रतिभागी यहां आए थे वह ट्रेनिंग पाकर एमआरसीएस पार्ट-बी परीक्षा में सफलता पाने के लिए पूरी तरह से तैयार होंगे और आगे चलकर सर्जरी के क्षेत्र में वे अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देंगे। डा. रोहन खंडेलवाल ने कहा कि मेडिकल एजुकेशन और ट्रेनिंग देने की दिशा में उठाया गया ये कदम सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम के लिए एक गर्व का पल है। अस्पताल आगे भी इस तरह के सत्र आयोजित करता रहेगा, जिससे सर्जनों को स्किल्ड किया जा सके और उन्हें सर्जरी के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए तैयार किया जा सके।

# प्रोटोकॉल के दूसरे दिन योगेंद्र राणा ने की शिरकत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **हमारा** मिशन स्वस्थ भारत की ओर से कर्ण पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लगाए जा रहे प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन भाजपा जिला प्रधान योगिंद्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक नवीन संदूजा ने मुख्य अतिथि व पतजंलि टीम का पवित्र ओम के उच्चारण से अभिनंदन किया। नवीन संदूजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को महापर्व के रूप में मनाया जाता है। 21 जून का यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष



सोमनाथ अरोड़ा ने वीर हनुमाना अति बलवाना मधुर भजन पर योगिंग जोगिंग के अभ्यास व खड़े होकर किए जाने वाले प्रोटोकॉल अभ्यास करवाए। पतंजलि समिति के जिला प्रधान दिनेश शर्मा ने लेटकर किए जाने वाले आसन मकर आसन, भुजंग आसन व शलभ आसन का अभ्यास करवाया। प्राणायाम का अभ्यास जिला स्वाध्याय प्रभारी जितेंदर गुप्ता ने करवाया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार एकांत और अकेलेपन में, मौन व चुप रहने में, यज्ञ व हवन में भेद होता है, वही भेद योग व योगा मे होता हैं। उन्होंने मांसाहार का विरोध करते हुए कहा कि जैसा खाओगे अन्न, वैसा बनेगा मन। आत्मा ही परमात्मा है। योग से हम परमात्मा से जुड़ जाते हैं। मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा ने बताया कि 14 जून को योग शिविर का समापन समारोह होगा। इस अवसर पर स्वीटी संदूजा, प्रवीण चौहान, ममता गोयल, मोना संदूजा, ऐन.एफ. खोखर, पूनम खनेजा, नीरू, मीनाक्षी मित्तल, कविता, जितेंद्र पसरीचा, कमल चोपड़ा, राज कक्कड़, शमशेर नैन, दलीप मोंगा, सुखबीर त्यागी, महेंद्र खनेजा, राजन अरोड़ा, विकास, सोमनाथ डाबर, रीतू मेहला व रोहित मल्होत्रा मौजूद रहे।

# अवैध तौर पर शराब की तस्करी करते चार आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **अपराध** अन्वेषण शाखा-दो की टीम द्वारा अवैध तौर पर शराब की तस्करी करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से तीन पिकअप गाड़ी, एक छोटा हाथी गाड़ी व 606 पेटी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार गत दिवस अवैध तौर पर शराब की तस्करी करने की विश्वसनीय सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-दो की टीम द्वारा झिलमिल ढाबा करनाल व नये बस अड्डे की तरफ नाकाबंदी करके चार गाडियां, जिनका नम्बर एचआर 45 सी 6629 पिकअप, एचआर 45 सी 7991 पिकअप, एचआर 45 बी 3074 छोटा हाथी व एचआर 45 बी 7614 पिकअप को काबू किया गया। इन गाडियों में मौजूद आरोपी मोनू कुमार पुत्र जगमाल सिंह वासी गांव संघोवा जिला करनाल, राजेन्द्र उर्फ रामु पुत्र भगवान दास वासी चिडाव जिला करनाल, संदीप उर्फ धमाल पुत्र दिवान सिंह वासी गांव डींग जिला कैथल व श्याम बाबू उर्फ सोनू पुत्र राम उदित राय वासी राजीवपुरम जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया।

# दूसरे दिन भी कृषि वैज्ञानिकों ने किया योगक्रियाओं का अभ्यास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भारतीय** गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत शुरू की गई योग कक्षा के दूसरे दिन भी कृषि वैज्ञानिकों ने योग किया। संस्थान के निदेशक ज्ञानेंद्र सिंह ने योग कक्षा आरंभ करने के लिए मिशन के प्रमुख दिनेश गुलाटी की सराहना की। दिनेश गुलाटी ने बताया कि आज के दैनिक जीवन में योग बहुत महत्वपूर्ण है। योग से जहां हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं योग दिमाग को स्वस्थ बनाता है और तनाव दूर करके मन को शांत करता है। उन्होंने योग कक्षा में विशेष रूप से सूर्य नमस्कार का



अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार का एक-एक मंत्र, विधि और उसके प्रभाव के विषय में योग साधकों को बताते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार जीवन के लिए वरदान है। यह शरीर को सही आकार देने और मन को शांत व स्वस्थ रखने का उत्तम तरीका है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक समन्वय है, जो हमें चुस्त-दुरुस्त, प्रसन्न और शांत रहने का प्रभावी मंत्र है। शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए रोजाना सूर्य नमस्कार का अभ्यास महत्वपूर्ण है। शरीर में नई ऊर्जा के संचार और तमाम तरह की बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए सूर्य नमस्कार करने में अभ्यास फायदेमंद माना गया है। जीवन देने वाली ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ कई सारी स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने में सहायक माना जाता है। योग कक्षा में मिशन की शिक्षिका एनेफ चौधरी और अन्य साधक मौजूद रहे।

भारतीय गेहूं एव जौ अनुसंधान संस्थान करनाल योग कक्षा में भाग लेने वाले अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, निदेशक, अनिता सिंह, डॉक्टर एससी त्रिपाठी, अनिता त्रिपाठी, डॉक्टर ओपी अहलावत, डॉक्टर अजीत सिंह खरब, डॉक्टर सुधीर कुमार, डॉक्टर चुन्नी लाल, डॉक्टर हनीफ खान, डॉक्टर प्रेम लाल कश्यप, डॉक्टर रविन्द्र कुमार, डॉक्टर चरण सिंह, पूजा, डॉक्टर ओपी गुप्ता, चंदा गुप्ता, डॉक्टर मंगल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पीएचपी वर्मा, विजय सिंह, सुनील जाखड़, दीप्ति जाखड़, कृष्णा, प्रदीप शर्मा, सुरेश कुमार, विनोद खोकर, केहर सिंह, अनुज कुमार, लोकेश त्यागी, जयभगवान, समीर गुप्ता, जियांशी गुप्ता, यश जाखड़, और इप्शिता उपस्थित रहे।

# डीएसपी ने निवारण के लिए वार्डवासियों के साथ की मीटिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **करनाल** शहर के वार्ड नम्बर 16 व वार्ड नम्बर 7 में नशाखोरी, नशा करके लडाई-झगड़े करने व चोरी की घटनाओं के मामलों पर संज्ञान लेते हुए एसपी के निदेर्शानुसार दोनों वार्डों के प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में पुलिस से संबंधित समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक शहर बीर सिंह ने बताया कि उपरोक्त वार्डों में नशाखोरी, नशा करके लडाई-झगड़े व चोरी की वारदातों की वारदातों की शिकायतें मिल रही थी।

# मशरूम खरीद की पेमेंट में धोखाधड़ी कर 33 लाख ठगने के मामले में आढ़ती गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला पु**लिस के थाना असंध की टीम द्वारा एक ऐसे शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने मशरूम की फसल की खरीद में करीब 33 लाख रुपए की धोखाधडी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से एक लाख की नकदी बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी मोनू कुरेशी पुत्र जीमल कुरेशी वासी गांधी कैम्प श्री निवासपुरी दिल्ली (दुकान नम्बर 118 व दुकान नम्बर 2 अण्डरग्राउण्ड न्यू सब्जी मण्डी ओखला) को विश्वसनीय सूचना पर दिल्ली से गिरफ्तार करके लाया गया। आरोपी को गत दिवस अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। रिमांड



के दौरान आरोपी से की गई पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी अय्यासी करने का शौकीन है। आरोपी प्रायः मुजरा देखने भी जाता था, जिसके लिए आरोपी को ज्यादा रूपयों की जरूरत होती थी। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि जब भी शिकायतकर्ता अपनी मशरूम की फसल आरोपी के पास बेचने के लिए भेजता था तो आरोपी उस फसल के पैसे अपना कमीशन काटकर शिकायतकर्ता के खाते में जमा करवा देता था। जब पहले के बराबर आरोपी के पास मशरूम की फसल आती तो आरोपी पिछले वाली ट्रांसजेक्शन का स्क्रीनशॉट आदि शिकायतकर्ता के पास भेज देता था और शिकायतकर्ता को लगता कि आरोपी उसके खाते में उसकी फसल के लगातार पैसे जमा कर रहा है। जिस खाते में शिकायतकर्ता की मशरूम के पैसे जमा होते थे, उसी खाते में से लोन की किस्त भी कटती थी। शिकायतकर्ता निश्चिन्त था कि उसके खाते में पैसे जमा हो रहे है, लेकिन जब उसके लोन की किस्त बांउस हुई तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। रिमाण्ड के दौरान आरोपी के कब्जे से उसकी आढ़त की दुकान से एक लाख रुपए की नगदी बरामद की गई है। इस वारदात के संबंध में राकेश मशरूम फार्म गांव झबाला असंध जिला करनाल के मालिक राकेश व सतपाल बिसला ने मार्च 2023 में पुलिस थाना असंध में शिकायत देते हुए बताया कि गांव झबाला में उसने अपने पार्टनर सतपाल बिसला के साथ मिलकर उक्त फार्म खोला हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने मार्च 2022 में आरोपी मोनू कुरेशी पुत्र जीमल कुरेशी वासी गांधी कैम्प श्री निवासपुरी दिल्ली से सम्पर्क किया था। जो कि आरोपी मोनू उपरोक्त सब्जी मण्डी ओखला, नई दिल्ली में गुडलक फ्रूट एण्ड वैजीटेबल कम्पनी के नाम से आढ़ती की दुकान खोली हुई है। शिकायतकर्ता ने अप्रैल 2022 से अक्टूबर 2022 के दौरान आरोपी को करीब 48 लाख रुपए की मशरूम भेजी थी। आरोपी को अपना पांच प्रतिशत कमीशन काटकर मशरूम की पेमेंट करीब 46 लाख रूप्ये शिकायतकर्ता के खाते में जमा करनी थी। लेकिन आरोपी द्वारा इस दौरान शिकायतकर्ता के फर्म के खाते में केवल करीब 13 लाख रुपए ही जमा कराए गए और शिकातयकर्ता को भरोसा दिलाने के लिए कि मशरूम की पेमेंट शिकायतकर्ता के खाते में समय से आ रही है। आरोपी बकाया पेमेंट के फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज व स्क्रीनशॉट्स आदि शिकातयकर्ता के फोन पर भेज देता था। जब शिकायतकर्ता को इस बात की भनक लगी तो उसने अपने स्तर पर खोजबीन की।

## संपादकीय

# आप करें रक्तदान, दूसरों की बचाएं जान

**रक्तदान** को समस्त विश्व में सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है लेकिन विड़म्बना है कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की बड़ी संख्या होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब चालीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है। दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलोग्राम से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में तीन-चार बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थायी ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है। जीवनदायी रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी। पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा रक्तदान दिवस मनाया गया था, तभी से यह दिन रक्तदान के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरूआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब सात फीसदी रक्त होता है और अगर हम उसमें से तीन फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती।

# कर्नाटक की जीत से मजबूत होगी कांग्रेस



**रमेश सर्राफ धमोरा**

> बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के सभी भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों की 12 जून को पटना में एक मीटिंग का आयोजन किया था। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने शामिल होने में असमर्थता प्रकट की थी। उस कारण से नीतीश कुमार ने 12 जून की मीटिंग को स्थगित कर उसके स्थान पर 23 जून को आयोजित कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में जीत के कारण ही ऐसा कर पाई है। देश में विरोधी दलों को एक करने के प्रयास में लगे नीतीश कुमार को भी अच्छे से पता चल गया है कि कांग्रेस के बिना भाजपा विरोधी दलो को एक मंच पर लाना मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए नीतीश कुमार स्वयं दिल्ली आकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से व्यक्तिगत मुलाकात कर विपक्षी एकता को सिरे चढ़ाने की अपील कर चुके हैं

**कांग्रेस** पार्टी के नेता इन दिनों उत्साह से भरे नजर आ रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के बाद तो उनका उत्साह देखते ही बनता है। इससे पूर्व दिसम्बर में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा का चुनाव जीता था। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में कांग्रेस ने भाजपा की सरकार को हराकर चुनाव जीता है। इससे कांग्रेस कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ा है। जिसका लाभ कांग्रेस पार्टी को आगामी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में व 2024 के लोकसभा चुनाव में मिल सकता है। 2014 के बाद लगातार हार पर हार झेल रही कांग्रेस पार्टी के लिए कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में चुनावी जीत एक नई संजीवनी साबित हुई है। अब कांग्रेस की राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक में सरकार बन गई है। वही झारखंड, बिहार व तमिलनाडु में कांग्रेस सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल है। इस तरह से देखे तो कांग्रेस देश के सात प्रदेशों में सत्तारूढ़ है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह हार गई थी। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को कुछ खास सफलता नहीं मिली थी। इस दौरान कांग्रेस पार्टी बहुत से राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी हार कर सत्ता से बाहर हो गई थी। ऐसी स्थिति में कांग्रेस का कर्नाटक में भारी बहुमत से जीतना पार्टी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मलिकार्जुन खरगे के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहले हिमाचल और फिर कर्नाटक में कांग्रेस को जीत हासिल हुई है। जिससे उनके नेतृत्व क्षमता की भी धमक सुनायी देने लगी है। हालांकि कर्नाटक मलिकार्जुन खरगे का गृह प्रदेश है। जहां उन्होंने कई दशकों तक राजनीति की है। खरगे कर्नाटक के हर क्षेत्र व हर स्थिति से वाफिक है। जिसका फायदा उन्हें कर्नाटक के विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने में भी मिला। मलिकार्जुन खरगे वर्षों से कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते उनके पास मुख्यमंत्री बनने का सुनहरा अवसर था। मगर उन्होंने केंद्र की राजनीति में ही रहना उचित समझा और अपने सुपुत्र प्रियांक खरगे को राज्य सरकार में मंत्री बनवा दिया। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत से कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल तो ऊंचा हुआ है। इसके साथ ही दोनों प्रदेशों में आने वाले समय में कांग्रेस को राज्यसभा सीटों का भी फायदा मिलेगा। कर्नाटक में तो कांग्रेस ने भारी बहुमत हासिल किया है। ऐसे में उनकी राज्यसभा सीटें भी बढ़कर दोगुनी से अधिक हो जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस को कर्नाटक विधान परिषद में भी बहुत सीटों का लाभ मिलेगा। देश में विपक्ष की राजनीति में हाशिए पर चल रही कांग्रेस पार्टी कर्नाटक चुनाव में जीत के बाद विपक्षी राजनीतिक में केन्द्रीय भूमिका में आ गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के सभी भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों की 12 जून को पटना में एक मीटिंग का आयोजन किया था। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने शामिल होने में असमर्थता प्रकट की थी। उस कारण से नीतीश कुमार ने 12 जून की मीटिंग को स्थगित कर उसके स्थान पर 23 जून को आयोजित कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में जीत के कारण ही ऐसा कर पाई है। देश में विरोधी दलों को एक करने के प्रयास में लगे नीतीश कुमार को भी अच्छे से पता चल गया है कि कांग्रेस के बिना भाजपा विरोधी दलो को एक मंच पर लाना मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए नीतीश कुमार स्वयं दिल्ली आकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से व्यक्तिगत मुलाकात कर विपक्षी एकता को सिरे चढ़ाने की अपील कर चुके हैं। कांग्रेस पार्टी वर्षों से यूपीए गठबंधन चला रही है। जिसमें काफी संख्या में विरोधी दल शामिल है। हालांकि दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव, बसपा अध्यक्ष मायावती, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं को आज भी कांग्रेस से परहेज है। इन सभी नेताओं का अपने-अपने प्रदेशों में व्यापक जनाधार है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की वहां के सत्तारूढ़ दलों से सीधी टक्कर है। इस कारण वहां सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दलों से कांग्रेस का समझौता होना मुश्किल है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पिछले दिनों कहा था कि जिस प्रदेश में क्षेत्रीय दलों का प्रभाव है वहां कांग्रेस को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। ऐसे में तो कांग्रेस बहुत कम क्षेत्र में सिमट कर रह जाएगी। इसका प्रतिवाद करते हुए लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी से किसी भी तरह का गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी केंद्र सरकार के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस से समर्थन मांग रहे हैं। मगर कांग्रेस के ही बहुत से वरिष्ठ नेताओं ने अरविंद केजरीवाल को किसी भी प्रकार का साथ देने का विरोध किया है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि केजरीवाल कांग्रेस के वोटों को हथिया कर मजबूत हो रहा है। कांग्रेस के नेता भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन में भी प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी का नाम आगे कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी आज भी लोकसभा व राज्यसभा में सबसे बड़ा दल है। देश के अधिकांश प्रदेशों में उनका प्रभाव है। ऐसे में यदि सभी विपक्षी दल मिलकर भाजपा को हरा देते हैं तो प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी सबसे उपयुक्त दावेदार होंगे। यदि विपक्षी दल इस बात पर सहमत है तो हम साथ आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस तरह से कर्नाटक में धुआंधार चुनाव प्रचार किया गया था। उसके उपरांत भी कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की थी। उसके बाद से विपक्षी दलों को लगने लगा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्लैमर अब ढ़लान पर है। ऐसे में उनके सामने प्रधानमंत्री पद के लिए मजबूत दावेदार को मैदान में उतारा जाए तो उनको आसानी से हराया जा सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी के सामने विपक्ष के सबसे मजबूत प्रत्याशी हो सकते हैं। अब देखना होगा कि आगामी 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की मीटिंग में क्या निर्णय लिया जाता है और उस मीटिंग से देश की राजनीति में कितना बदलाव हो सकेगा। उस पर ही विपक्षी एकता की बात निर्भर करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा विरोधी दलों को लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री के चेहरे पर चर्चा ना कर भाजपा को हराने पर मंथन करना चाहिये। तभी विरोधी दल एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतर पाएंगें व देश की जनता को भी भरोसा दिला पाएंगे कि यदि भाजपा हारती है तो विपक्षी दलों की तरफ से देश को एक सशक्त व टिकाऊ सरकार मिलेगी।



**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### रक्तदान महादान

रक्तदान से बड़ा न कोई दान
मानवता की इंसानियत ही शान
रक्त बचाता है घायलो की जान
रक्तदान महादान

रक्तदानी का जग करे सम्मान
दान व्यर्थ नहीं जाता मिलता है वरदान
विपरीत स्वास्थ्य में रक्त बचाता है जान
रक्तदान महादान

सर्वधर्म मानव सेवा यही रखना ध्यान
मानवता की मानवता ही पहचान
रक्तदान में धर्म की नहीं कोई पहचान
रक्तदान महादान

रक्तदान जाया न जाए करना ध्यान
रक्तदान बिक न पाए रखना ध्यान
कालाबाजारी न हो इसका रखना ध्यान
रक्तदान महादान

रक्तदान से ही मिलता है जीवनदान
मानव तब कहलाता है सबसे महान
रक्तदाता का सारे जग में करते गुणगान
रक्तदान महादान

किशन

# रक्तदान नयी जिन्दगी देने का पुण्य

**ललित गर्ग**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदान का दाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरी विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्त की जरूरत पड़ने पर उसके लिए पैसे देने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए, इसी उद्देश्य से हर साल लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदान दिवस पर रक्त दान करने के लिए समझाया जाता है तथा रक्त दान करने की क्या प्रक्रिया होती है उसके बारे में उचित शिक्षा दी जाती है। रक्त-दान किनको करना चाहिए और किन को नहीं करना चाहिए इस बारे में उचित जानकारी देने का कार्य इस दिवस के माध्यम से किया जाता है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है।

## विचार

# प्रगाढ़ और मधुर हो रहे भारत अमेरिका के संबंध

**सुनील कुमार महला**

**विश्व** रक्तदान दिवस हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में रक्त का दान करता है तो यह मानवता के हित में सबसे बड़ा काम है, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य है लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से भी कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। जीवन अमूल्य है और रक्तदान जीवनदान देता है। ब्लड प्रकृति द्वारा मानव को दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं, मसलन हम बहुत सी जिंदगियां बचा सकते हैं। मानवता की सेवा में रक्तदान सबसे उत्तम सेवा है। बीमारों, जरूरत मंदों के लिए रक्तदान नये जीवन की आशा है। रक्तदान करके हम बहुत से जीवन बचा सकते हैं, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ और योग्य व्यक्ति को अपने जीवन में रक्त का दान करने की प्रेरणा लेनी चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस दिन को रक्तदान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में स्थापित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त करना है। वास्तव में, इस दिन को 14 जून को मनाने का खास कारण है। जानकारी मिलती है कि वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर ने ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की थी। उनके इस योगदान के लिए वर्ष 1930 में कार्ल लैंडस्टीनर को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रक्तदाता दिवस वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर को समर्पित हैं, जिनका जन्मदिन 14 जून को होता है। यहां यह भी बताता चलूं कि कार्ल लैंडस्टीनर ही वह वैज्ञानिक थे जिन्होंने एबीओ रक्त समूह की खोज की थी। उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था और उन्हीं की याद में यह दिवस संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि विश्व रक्तदाता दिवस मनाए जाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संघ, और रेड क्रिसेंट समाज द्वारा सबसे पहले की गई थी। कार्ल लैंडस्टीनर एक ऑस्ट्रियाई जीव वैज्ञानिक, चिकित्सक और प्रतिरक्षा विज्ञानी थे, और उन्हें आधुनिक रक्त आधान का संस्थापक माना जाता है। यह उनका योगदान ही है कि आज रोगी के जीवन को खतरे में डाले बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन संभव हो पाया है। कार्ल को उनके अनूठे योगदान के लिए वर्ष 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। आज देश में रोजाना बहुत से एक्सीडेंट होते हैं, थैलेसीमिया के रोगियों, एनीमिया के रोगियों, ब्लड कैंसर जैसी बीमारियों में व बहुत बार डिलीवरी के वक्त महिलाओं को रक्त की जरूरत पड़ती है। कई बार आपात स्थिति में एक्सीडेंट के दौरान या फिर ऑपरेशन या किसी अन्य कारण से खून की आवश्यकता जब मरीज को पड़ती है, ऐसे में रक्तदाताओं द्वारा दान किए गए खून से कई लोगों की जान बचाई जाती है। ऐसे ही ब्लड डोनर्स के महत्व और उन्हें धन्यवाद करने के लिए प्रति वर्ष 14 जून को वर्ल्ड ब्लड डोनर डे संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। रक्तदान को महादान भी कहा गया है, क्यों कि किसी का जीवन बचाने से बड़ी बात कुछ और नहीं हो सकती है। आज लोग धीरे-धीरे इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे व्यक्ति ऐसे भी हैं जिनको अभी अभी रक्तदान करने से डर लगता हैं, रक्तदान को लेकर बहुत सी भ्रांतियां भी लोगों में व्याप्त हैं, तो हमारा कर्तव्य यह बनता हैं कि हम उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक करें। वास्तव में, अगर हमारी वजह से यदि किसी व्यक्ति की जिन्दगी बचती हैं तो हमें जो संतुष्टि का एहसास होगा उसे शब्दों में बयाँ करना मुमकिन नहीं हैं। सच तो यह है कि रक्तदान जीवन का सबसे खूबसूरत अहसास है। विश्व रक्तदाता दिवस के लिए हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक थीम को चुना जाता है ताकि स्वैच्छिक रक्तदान जीवन को बचाने और विभिन्न समुदायों के भीतर एकजुटता बढ़ाने में भूमिका को उजागर किया जा सके।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# परसाई जी की पीड़ा

**डॉ. सुरेश**

**हरिशंकर** परसाई बड़े चिंतित बैठे थे। शरद जोशी ने उन्हें इस तरह देखा तो संदेह हुआ। पूछ लिया झ्र क्या बात है भैया जी? इतने चिंतित क्यों हैं? आप तो वो हैं जिनकी रचनाएँ पढ़ने से सामने वाले की हालत खराब हो जाती है। कुछ बोलने से पहले ही घिग्घी बंध जाती है। आप जैसे महान व्यंग्यकार का इस तरह चिंतित बैठना शोभा नहीं देता। परसाई ने कहा झ्र क्या बताऊँ शरद! एक जमाना था जब मैं व्यंग्य रचना लिखता था तो तुरंत छप जाती थीं। अब जमाना वैसा नहीं है। मेरे ही जन्म प्रदेश से निकलने वाले एक बड़े से समाचार पत्र के संपादक के नाम कई सारे व्यंग्य मेल किए। ससुरा बार-बार लौटा देता है। लौटाने का कारण भी नहीं बताता। वह तो भला हो उसका जिसकी वह छापता है, वह मेरे किसी जान-पहचान का मित्र है। उसने मेरी रचनाओं के तिरस्कृत होने का कारण बताया। तभी से मेरी हालत ऐसी बनी पड़ी है। शरद आश्चर्य से झ्र उसकी इतनी मजाल जो आपकी रचनाएँ तिरस्कृत कर दे। वैसे आपने व्यंग्य में ऐसा क्या लिख दिया जो उसे पसंद नहीं आई? आप जैसा शब्द चयन, भाषा चमत्कार, पंच और पाठक को बांधे रखने वाले आकर्षक विषय भला आपके सिवाय किसेके पास है? आप तो व्यंग्य की पाठशाला हैं। पाठशाला क्या पूरा का पूरा विश्वविद्यालय हैं। हमने आपसे बहुत कुछ सीखा है। कइयों को तो व्यंग्य का मतलब आपकी रचनाओं के बाद ही पता चला है। परसाई दुखी स्वर में झ्र देखो न शरद! मेरी पहली व्यंग्य रचना यह कह कर तिरस्कृत कर दी गयी कि उसमें मैंने अच्छे दिन शब्द का इस्तेमाल किया। दूसरी रचना में अंधभक्त, तीसरे व्यंग्य में चायवाला, चौथी रचना में दाढ़ी, पाँचवी रचना में सूट-बूट, छठी रचना में गोदी मीडिया, सातवीं रचना में पंद्रह लाख, आठवीं रचना में भाइयों और बहनों, नवीं रचना में मंदिर-मस्जिद और दसवीं रचना में उड़नखटोला जैसे शब्दों के चलते मेरे व्यंग्य घटिया घोषित कर दिए गए।

जब मैंने उस महाशय से पूछा कि रचनाएँ छपने के लिए क्या करना चाहिए, तब उसने राज की बात बताई झ्र विपक्ष पर वार करते हुए लिखिए या फिर प्रवृत्तियों पर लिखिए, चुटकी बजाते ही रचनाएँ छप जायेंगी।

## हम तो चले मरने

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक नेता** जी हैं। अक्सर बयान देते रहते हैं। यही उनका धंधा है। एक दिन उन्होंने लाठीचार्ज और गोलीकांड में शांति और प्रसन्नता से बयान दिया। बयान क्या, जैसे शतचंडी यज्ञ की सफलता बता रहे हों और कहा - कुल आठ आदमी पुलिस की गोली से मारे गये। उनके चेले चपाटों में से एक ने कहा-आठ नहीं, सौ मारे गये हैं। नेता जी ने देखा-हाँ, विरोधी हैं। दूसरे ने कहा- मेरे पास सरकारी और गैर-सरकारी दोनों आंकड़े हैं। बताइए आपको कौनसे चाहिए? नेता जी ने शराब का गिलास मुँह से लगाते हुए कहा - सरकारी आंकड़े तो हमीं तैयार करते हैं। गैर-साकारी आंकड़े बताओ। सामने वाला ने कहा - कुल पाँच सौ मजदूर मारे गये हैं। कमोबेश एक-दो ज्यादा हो सकते हैं लेकिन कम तो कतई नहीं। नेता जी ने देखा -हूँ, बात तो सही है। अच्छा हुआ। आए दिन हड़ताल देने की धमकी दे रहे थे। कुछ लोगों को डराने के लिए कुछ को पीटना और कुछ को मारना पड़ता है। सेक्रेटरी ने कहा- बहुत ज्यादा मौतें हुई हैं, तथ्यों को छिपाते जा रहे हैं। नेता जी ने देखा-हाँ, है तो विरोधी पार्टी के, पर कमबख़्त हमारे ही किसी नेता के इशारे पर काम कर रहे थे। नेता जी ने अपने साथियों की तरफ देखा। वे आँखों से कह रहे थे- अरे अंधों! तुम्हारी अकल क्या काली टोपी में ही रखी रह गयी! आठ भी क्यों कहा? कह देता कि एक भी नहीं मरा. जो पता लगाने जाते, उन्हें भी मार डालते. किसे मालूम होता! अब नेता जी ने मौत का हिसाब किया- बिलकुल बनिये की तरह खून की कीमत तय करके दे दी। देखो भाई, तुम्हारे बैंगन के इतने पैसे हुए, भिंडी के इतने और गाजर के इतने। न भूलचूक, न लेना-देना। जो मरा, उसके परिवार वालों को पाँच लाख रुपये देंगे। जो ज्यादा घायल होकर अस्पताल में है, उसे पचास हजार रुपये। जिसकी सिर्फ मरहम पट्टी हुई है, उसे दस हजार रुपये। हो गया हिसाब साफ। उधर फायरिंग के शिकार लोगों के परिवार की औरतें यों बात कर रही थीं - हमारी तो किस्मत फूट गयी। हमारे मर्द को मामूली मरहम-पट्टी हुई है तो हमें दस हजार ही मिलेंगे। उसमें भी बिचौलिए काटकर देंगे। मानो उन्हीं को अपनी मरहम पट्टी करवानी है। तू भागवान है सुनीता, कि तेरा मर्द मर गया। तुझे तो तुझे पूरे पाँच लाख मिलेंगे।

# शहीदी स्मारक दुनिया के लिए संदेश हैं : चौबे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) केन्द्रीय पर्यावरण,** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने आज गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर मिलकर उनके साथ शिष्टाचार भेंट की। यहां पहुंचने पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिन्नदन किया। इसके उपरान्त खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के साथ अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 22 एकड़ में करोड़ों रूपए की लागत से बनाए जा रहें 1857 की क्रांति से जुड़े शहीदी स्मारक का अवलोकन किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने शहीदी स्मारक का



अवलोकन करने के उपरान्त इस शहीदी स्मारक को बनाने के लिए हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को दिल की गहराईयों से बधाई दी और हाथ मिलाकर अनिल विज की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी पहल पर यह दुनिया का मनोरम छवि प्रस्थापित होने वाला हैं। आने वाले दिनों में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आमंत्रण पर देश के प्रधानमंत्री इसका उदघाटन करेगें। यहां बनने वाला शहीदी स्मारक दुनिया के लिए संदेश हैं। 1857 की क्रांति की लड़ाई का

**8 1857 की क्रांति में रोटी और कमल भेजा जाता था, इस स्मारक के बनने के बाद ऐसा ही मनमोहक दृश्य देखने को मिलेगा**

सम्पूर्ण चित्रण यहां पर दशार्या जाएगा। इस शहीदी स्मारक के यहां बनने से दुनिया भर प्रखर संदेश जाएगा।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में इस शहीदी स्मारक का बनना सभी के लिए खुशी की बात हैं। 1857 की क्रांति से जुड़ा इतिहास इस शहीदी स्मारक में देखने को मिलेगा। उन्होनें इस मौके पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी परिकल्पना के अनुरूप यह शहीदी स्मारक बन रहा हैं। यह धरोहर अम्बाला के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश व दुनिया के लिए होगी। उन्होनें यह भी कहा कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से बनने वाला यह शहीदी स्मारक एक अमर छाप होगी।

दुनिया भर के लोग यहां पर पर्यटन के लिए आएगें। उन्होंने यह भी कहा कि 1857 की क्रांति (आजादी के उस समय) में रोटी और कमल भेजा जाता था, इस स्मारक के बनने के बाद ऐसा ही मनमोहक दृश्य देखने को मिलेगा।

इस मौके पर एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच, भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा, मंडल प्रधान अजय पराशर, आशीष गुलाटी, अभिकांत वत्स, कृष्ण राणा, कार्यकारी अभियन्ता राजकुमार के साथ-साथ सम्बधिंत अधिकारीगण मौजूद रहें।

# असीम गोयल ने बॉयज हेल्प डेस्क का रिबन काटकर किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण** संस्थान अम्बाला शहर में स्थानीय विधायक विधायक असीम गोयल नन्यौला ने आगामी सेशन 2023-24 के दाखिले के लिए हैल्प डेस्क का उद्घाटन किया व आईटीआई का अवलोकन भी किया। संस्थान में पहुंचने पर प्रिंसिपल भूपेन्द्र सांगवान द्वारा पुष्प देकर विधायक का अभिन्नदन किया। प्रिसिंपल भूपेन्द्र सांगवान ने विधायक असीम गोयल नन्यौला को जानकारी देते हुए बताया कि इस सेशन 2023-24 में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ब्वाज अम्बाला शहर में लोकल इन्डस्ट्रीज की डिमांड पर तीन नए कोर्सो की शुरूआत की गई है, जिसमें हैल्थ सेनेटरी इन्सपेक्टर, एडवांस सीनसी मशीनिंग, सॉयल एवं क्रॉप टेस्टिंग हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ब्वाज अम्बाला शहर में इस वर्ष 1144 सीटों के लिए दाखिलें आमंत्रित किए जाएगें। जिसमें कुल 32 ट्रेड है, जिसमें एक वर्ष व दो वर्ष कोर्स शामिल हैं। आठवीं, दसवी व बारवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थी ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से दाखिले के लिए आवेदन भर सकते हैं। अभी तक 2200 से अधिक इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन दाखिले के लिए आवेदन भरे जा चूके हैं। ऑनलाईन दाखिले के आवेदन की अन्तिम तिथि 21 जून 2023 हैं। इससे पहले विधायक असीम गोयल नन्यौला द्वारा गत 8 जून 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला अम्बाला शहर में भी इस हैल्प डेस्क की स्थापना की गई थी। विधायक द्वारा अपने कर कमलों से हैल्प डेस्क की स्थापना करने से जिला अम्बाला के युवाओं में राजकीय औद्योगिक संस्थान अम्बाला शहर में दाखिला लेने के लिए भारी होड़ लगी हुई हैं। जिससे आशा है कि इस वर्ष जिला अम्बाला के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अम्बाला शहर में शत-प्रतिशत सीटों पर दाखिला होने की उम्मीद हैं। सरकार की विशेष योजना के तहत आईटीआई पास युवाओं को अग्रिपथ योजना के तहत अग्रिवीर के रूप में भर्ती होने के लिए 20, 30 व 40 अंकों की अतिरिक्त वरीयता देने का प्रावधान है। शिक्षण संस्थान में हर महीने के दूसरे सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाता है।

इस मौके पर विधायक असीम गोयल नन्यौला द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अम्बाला शहर में पौधारोपण भी किया।

## न्यूज फ्लैश

### फेम इंडिया में लगी भयानक आग, जैन ने ली जानकारी




**राइः** राई इंडस्ट्रियल एरिया की सबसे बड़ी ऑटो लाइट बनाने वाली कंपनी फेम इंडिया में लगी भयानक आग की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन मौके पर पहुंचे और कंपनी मालिक जे0के0 जैन को सांत्वना दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित उपमंडल अधिकारी राकेश संधू तथा सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश जाखड़ से आगजनी के कारणों बारे बातचीत की।

### अस्थाई सब्जी मंडी की रेहडियों को चितवन वाटिका में लगाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** सूचना अधिकार मंच नारनौल के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय शर्मा ने जिला उपायुक्त एवं जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजकर महावीर चौक से गर्ल्स आईटीआई तक नियमित रूप से लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है। इस संदर्भ में भेजे गए अपने पत्र में संजय शर्मा, अमित कुमार, नरोत्तम, अजय शर्मा, सुमित शर्मा ने बताया कि यह मार्ग हमारे नगर का प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर सबसे अधिक आवागमन एंबुलेंस, पुलिस प्रशासन एवं अग्निशमन वाहनों का रहता है। जबकि इस पूरे रास्ते पर सब्जी की रेहड़ी लगाने वालों का कब्जा रहता है। जिसके कारण यहां का यातायात जाम ही रहता है। इस जाम के कारण अक्सर एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाडि?ां भी फंस जाती हैं। इसके अलावा इन बेतरतीब रेहडि?ों से विशेष कर शाम को बड़ी परेशानी होती है। कई बार तो यह रेहड़ी चालक अपनी रेहडियों को सडक के बीचों बीच लगा देते हैं। उन्होंने जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने और इन रेहडियों को व्यवस्था अनुसार लगाने की मांग की है।

### आंदोलन कर रहे किसानों के साथ है इनेलोः डा. राजपाल



**पानीपत,13 जून/टीम एक्शन इंडिया**

**इनेलो के** वरिष्ठ नेता एवं पानीपत शहर हलका प्रभारी डा. राजपाल ने कहा कि सुरजमुखी की फसल के लिये एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों पर सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करना और किसानों को गिरफ्तार करना निंदनीय है। इनेलो का एक-एक कार्यकर्ता किसानों के साथ है और यदि किसानों के साथ ही सडक पर उतरने की जरूरत पड़ी तो पार्टी कार्यकर्ता सडक पर उतरने के लिये तैयार है। डा. राजपाल ने मंगलवार को यहां जारी एक प्रेस ब्यान में बताया कि हरियाणा सरकार को तुरंत प्रदेश के किसानों की मांग को मानकर उनको सुरजमुखी का एमएसपी देना चाहिये और गिरफ्तार किसानों को सभी दर्ज मामले रद्द करके रिहा करना चाहिये। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार किसानों विरोधी सरकार है और भाजपा ने तो कभी किसानों के हितों के लिये काम नहीं किया है। डा. राजपाल ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की असलियत को पहचान चुकी है और 2024 में होने वाले चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी।

वहीं डा. राजपाल ने दावा किया कि विधायक अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में चल रही परिवर्तन यात्रा से प्रदेश में पार्टी का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है। हरियाणा में इनेलो की सरकार बनने पर हर वर्ग के हित में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा।

# गांव कैंथला खुर्द में बागवानी फसलों को अपनाने के प्रति किसानों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

**बागवानी** विभाग के कर्मचारियों ने आज गांव कैंथला खुर्द में बागवानी फसलों को अपनाने के प्रति किसानों को जागरूकता शिविर लगाकर किया जागरूक। कैथला खुर्द के ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बागवानी विभाग की तरफ से गांव में बागवानी फसलों के प्रति रुझान पैदा करने के लिए गांव के किसानों को जागरूक किया गया। बागवानी विभाग की तरफ से फिल्डमैन श्रीमती



मीनाक्षी व पवन कुमार ने बागवानी फसलों की जानकारी देते हुए सब्जी व मधुमक्खी पालन के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरी सतर्कता के साथ किसान सब्जियां और मधुमक्खी पालन की ओर अपना रुझान बढ़ाएं तो किसानों को काफी फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक ही फसल उगाने की अपेक्षा अलग-अलग फसलों को उगाया जाए तो जमीन की उर्वरक शक्ति भी बढ़ेगी और फसल भी जाएगा पैदा होगी। बागवानी विभाग के कर्मचारियों ने गिरते भूजल की समस्या से निजात पाने के लिए भी किसानों को कई उपाय सुझाए। उन्होंने शिविर के दौरान मौजूद किसानों को हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी स्कीमों की बेहतरीन जानकारी दी।

इस अवसर पर बलदेव सिंह, बलवीर सिंह, कुलविंदर सिंह गुरविंदर सिंह, सेवा सिंह, विजय, राजेश, प्रीतम सिंह ,कुलवंत सिंह, गुरमेल सिंह, कृष्ण डाण्ढा, हरविंदर सिंह, रामलाल, होशियार सिंह, दलेल सिंह उपस्थित रहे।

# दिग्विजय चौटाला के 18 जून के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। जन नायक** जनता पार्टी के कार्यकताओं की एक आवश्ययक मीटिंग नांगल चौधरी की जाट धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी थे, जबकि अध्यक्षता हलका प्रधान हजारी लाल लंबौरा ने की। इस मीटिंग में पार्टी पदाधिकारियों को आगामी 18 जून को जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला के नांगल चौधरी क्षेत्र में ग्रामीण दौरों को सफल बनाने की रणनीति तैयार करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि दिग्विजय सिंह चौटाला 18 जून को प्रातः 10 बजे गांव बूढ़वाल से ग्रामीण जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेंगे। तत्पश्चात वह गांव सिरोही बहाली, शहबाजपुर, नांगल दर्गू, पवेरा और भांखरी का दौरा करेंगे। मीटिंग को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं और पार्टी की विधायक दल की मीटिंग में निर्णय हुआ है कि लोगों के बीच जाकर पार्टी के लिए काम किया जाए और जजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाकर आम लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए।

# हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जारी

**टीन एक्शन इंडिया/दिनेश नौतना**

**21** जून को आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में योगा अभ्यास के साथ-साथ आयोजन से संबंधित विभिन्न तैयारियां जोर -शोर से जारी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री संतोष यादव प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहेगी। योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग विभाग के द्वारा



निरंतर स्थानीय क्षेत्रों जाट, लावन, झूंक, पाली, सिसोठ, जांजडियावास, बचौली और नारनौल में विश्वविद्यालय के प्रयासों से विशेष योग प्रशिक्षण का कार्य जारी हैं। इस काम में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन कुमार, विभाग के विद्यार्थी व शोद्यार्थी निरंतर जुटें हुए हैं। प्रो. नीलम सांगवान ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से न सिर्फ आमजन को योग का ज्ञान उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि हमारे विद्यार्थी इस विषय में आवश्यक व्यावहारिक प्रशिक्षण से संबंधित बारिकियों को भी जान पा रहे हैं। शिक्षक प्रभारी डॉ.अजय पाल ने बताया कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से जुड़ी विभिन्न तैयारियों में जुटा है।

# कलीसिया अंकुर नरूला मिनिस्ट्री की प्रथम ब्रांच का अंबाला में हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**भारत** देश की सबसे बड़ी कलीसीया अंकुर नरूला मनिस्ट्री की अम्बाला में प्रथम ब्रांच का शुभारम्भ अम्बाला छावनी के रामपुर सरसेड़ी रोड पर स्थित पैलेस में हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में प्रभु यीशु विश्वासियों ने भाग लिया। इस मसीही कार्यक्रम में अंकुर नरूला मनिस्ट्री द्वारा बनाई गई अन्तर्राष्ट्रीय कमेटी गलोबल एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रदर जितेन्द्र मसीह गौरव द्वारा केक काटकर शुरू की गई शाखा का शुभारम्भ परमेश्वर के चरणों में की गई प्रार्थना के उपरान्त हुआ।

# प्राचीन सरस्वती पुल हेरिटेज स्थल के रूप में होगा विकसित : धुमन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा सरस्वती** धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि झांसा रोड पर ऐतिहासिक सरस्वती पुल को हेरिटेज स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ऐतिहासिक और प्राचीन सरस्वती पुल 2 हजार वर्ष पुराना है। इस स्थल का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच मंगलवार को झांसा रोड पर स्थित ऐतिहासिक प्राचीन सरस्वती पुल के जीर्णोद्धार के कार्य के उद्घाटन समारोह में



बोल रहे थे। इससे पहले उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, मॉ भद्रकाली मंदिर के संचालक डा. सतपाल शर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक, कार्यकारी अभियंता मनीष बब्बर ने विधिवत रूप से सरस्वती घाट के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की योजना है कि सरस्वती नदी के किनारे तीर्थ व पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाए और उन सभी प्राचीन स्थलों को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जाए ताकि हरियाणा में पर्यटकों की संख्या में बढोतरी हो सके।

उन्होंने कहा कि प्राचीन घाट का जीर्णोद्धार करके 50 फीट चौड़ा किया जाएगा और इस कार्य पर धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से 7 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस घाट के साथ ही प्राचीन सरस्वती पुल है। इस पुल की सरस्वती शोध केन्द्र कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय डा. एआर चौधरी व उनकी टीम द्वारा डेटिंग का कार्य किया गया। इससे तथ्य सामने आया है कि यह प्राचीन पुल लगभग 2 वर्ष पुराना है इसलिए इस पुल को भी हेरिटेज स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत ने कार्यशाला का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज** मसीह, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत ने सुप्रीम कोर्ट के गोहर बनाम उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट व राजेश त्यागी वैगरा बनाम जयबीर सिंह व अन्य केसों में पारित आदेशों की अनुपालना में थाना प्रभारियों, जांच अधिकारीयों, अन्य पुलिस कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ताओं व बीमा कंपनियों के लिये मोटर व्हीकल अमेण्डमेंट एक्ट 2022 के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रतीक जैन मुख्य न्यायिक दंडधिकारी एवं सचिव व सुरेश सैनी डिप्टी सुपेरिंटेंडेंट पुलिस पानीपत मौजूद रहे। इस कार्यशाला के आयोजन के दौरान । सौरव जग्गा पैनल अधिवक्ता (प्रो बोनो ) ने मोटर व्हीकल अमेण्डमेंट एक्ट 2022 के तहत पुलिस विभाग से आये हुए अधिकारीयों व कर्मचारियों को उपरोक्त सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दुर्घटना पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलवाने की स्कीम व नियमों के अवगत कराया ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द सुलभ न्याय मिल सके। इस कार्यशाला में पुलिस विभाग, बीमा कम्पनियो इत्यादि को उनके दवारा मुआवजा दिलवाने बारे समय सीमा से अवगत कराया ताकि कोई भी पीड़ित इससे वंचित ना रहे। इसके अतिरिक्त प्रमोद कुमार भारद्वाज ने अमेंडेड मॉडल प्रोसेक्युशन स्कीम के बारे में अवगत कराया की महिलाओं के केसों में उनकी कॉउंसलिंग पैनल अधिवक्ताओं से करवाना अनिवार्य है तथा जो गुम हुए बच्चों का विवरण जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा गठित कोर टीम के सदस्यों को भेजे। ताकि सही समय पर उनके परिवार वालों से मिलकर उनकी कानून रूप से सहायता की जा सके न्याय दिलवाया जा सके और कहा की अन्य किसी भी मदद के लिये जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत के हेल्प लाइन नंबर 0180-2640222 पर संपर्क कर सकते है।

# डिजीटल युग में कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक : प्रो. राजेन्द्र

**कंप्यूटर के माध्यम से हम समय की बचत करते हुए अपने कार्यो को सरल तरीके से कर सकते हैं**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू के ट्रैनिंग, प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा केयू में कार्यरत प्रोफेशनल सहायक, एक्सईएन, एसडीओ तथा जेई के लिए आयोजित साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स के दूसरे दिन मंगलवार को केयू के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. राजेन्द्र नाथ ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि डिजीटल युग में कंप्यूटर का ज्ञान बहुत आवश्यक है क्योंकि कंप्यूटर के माध्यम से हम समय की



बचत करते हुए अपने कार्यों को सरल तरीके से कर सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को एमएस ऑफिस में न्यू डाक्यूमेंट को बनाने, नई फाइल एवं फोल्डर बनाकर उसका अर्थपूर्ण नाम रखने, सेव एज, अनडू व रीडू के ऑप्शन के बारे में बताया। डॉ. सचिन लालर ने कंप्यूटर संबंधी प्रायोगिक कार्य करवाए।

वहीं फैकल्टी लॉज में मालियों के दूसरे बैच के लिए आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी हिसार से सेवानिवृत्त डॉ. सुरेश कुमार अरोड़ा ने कहा कि यूरिया खाद ने भूमि की उपजाऊ शक्ति को कमजोर किया है। इसलिए हमें स्वयं खाद को तैयार करके प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए। उन्होंने प्याज, मूली व गाजर की पौध तैयार के नियमों तथा बगीचे को तैयार करने के लिए मिट्टी को समतल करने के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर टीपीएमसी के नोडल ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि रिफ्रेशर कोर्स के उद्देश्य कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि करना है ताकि वे संस्थान हित में और बेहतर कार्य कर सकें।

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर कॉलोनियों में देंगे मूलभूत सुविधाएं : सचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**प्रदेश** भर में चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के चलते हलका पानीपत ग्रामीण में हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू भी लगातार जनता के बीच जाकर जन संवाद कर रहे है। सचिन कुंडू ने मंगलवार को पानीपत ग्रामीण हलके की अशोक विहार कॉलोनी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत जन संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा-जजपा की गठबंधन की सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग के साथ विश्वासघात किया है। महंगाई को लेकर जनता परेशान है और एक गरीब व आम व्यक्ति को अपना घर चालाना मुश्किल हो रहा है लेकिन सरकार अपनी जेब भरने में व्यस्त है। फैमिली आईडी व प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर सरकार जनता को परेशान कर रही है। गरीबों के राशन कार्ड काटे जा रहें हैं, कालोनी वासियो को बिजली, पानी, सडक व सीवरेज आदि मूलभूत सुविधाएं भी पूरी उपलब्ध नहीं हैं। इन कालोनियें में बच्चों के खेलने के लिए न ही तो पार्क हैं और न ही पढने के लिए स्कूल हैं। सचिन कुंडू ने दावा किया कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनते ही ग्रामीण हलके की कालोनियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

# रोजगार पैदा करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है हस्तशिल्प कला: केजरीवाल

## रोजगार पैदा करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है हस्तशिल्प कला: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
हस्तशिल्प कला को अपना भविष्य बनाने वाले शिल्पकारों को मंगलवार को उनकी बेहतरीन कलाकारी का सम्मान मिला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सचिवालय में हस्तशिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 कलाकारों को स्टेट अवार्ड और स्टेट मेरिट अवार्ड 2020 व 2021 देकर सम्मानित किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि देश में बेरोजगारी बहुत बड़ गई है। ऐसे में बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने में हस्तशिल्प कला बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार भी हस्तशिल्प कलाकारों को प्रोत्साहित करे। अगर सरकार शिल्पकारों को आर्थिक मदद के साथ उनको स्किल ट्रेनिंग दे देती है तो हस्तशिल्प के क्षेत्र में बड़े स्तर पर रोजगार पैदा हो सकता है। दिल्ली सरकार इस दिशा में आगे काम करेगी। दिल्ली में हजारों हस्तशिल्प कलाकार हैं। सभी को एक मंच पर लाने के लिए जल्द योजना बनाई जाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री ने हर काउंटर पर जाकर शिल्पकारों की देखी कला:** अवार्ड समारोह के दौरान शिल्पकारों ने अपने प्रोडक्ट को भी प्रदर्शित किया। शिल्पकारों को सम्मानित करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी सम्मानित शिल्पकारों के काउंटर पर जाकर उनके प्रोडक्ट को देखा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार का उद्योग आयुक्त कार्यालय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने दिल्ली के उत्कृष्ट हस्तशिल्प कारीगरों को राज्य पुरस्कार देता है। सरकार द्वारा शिल्पकारों को अपनी विरासत को संरक्षित करने, शिल्पकारों के उत्कृष्ट योगदान, शिल्प कौशल और शिल्प के विकास को पुनर्गठित करने, कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए ये पुरस्कार दिए जाते हैं। इस अवॉर्ड को हासिल करने के लिए कारीगरों से आवेदन मांगे गए थे। प्राप्त शिल्पकारों के कार्य स्थल का निरीक्षण करने के लिए उद्योग आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय एक निरीक्षण कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने राज्य पुरस्कार के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों में दी गई जानकारियों को सत्यापित किया। इसके बाद राज्य पुरस्कार के लिए शिल्पकारों से प्राप्त हस्तशिल्प वस्तुओं को चयन कमेटी के सामने चयन करने के लिए प्रदर्शित किया गया।



### स्टेट अवार्ड 2021 से ये हुए सम्मानित

**इस** दौरान स्टेट अवार्ड 2021 के तहत भी तीन शिल्पकारों को सम्मानित किया गया। इसमें धर्म चंद को टेरा कोटा में बिग हुक्का, मोहम्मद मार्धूब को वुड क्रॉफ्ट में मिरर फ्रेम और ज्योति लाल कर्ण को मधुबनी पेंटिंग में ट्री ऑफ लाइफ बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

**स्टेट मेरिट अवार्ड 2021 से ये हुए सम्मानित:** इसी तरह स्टेट मेरिट अवार्ड 2021 के अंतर्गत पांच शिल्पकार सम्मानित किए गए। इसमें जुनैद नबी को बांस शिल्प में सीधी बांसुरी, रितेश कुमार को कृत्रिम ज्वैलरी में रानी हार, ईशा गुप्ता को क्रोकेट क्रॉफ्ट में पोर्ट्रेट ऑफ पैरेंट्स, राजेश कुमार को सिक्की ऑर्ट में दिल्ली दर्शन और स्निग्धा को मधुबनी पेंटिंग में ट्री ऑफ लाइफ बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

**स्किल**

= स्किल ट्रेनिंग दे देती है तो हस्तशिल्प के क्षेत्र में बड़े स्तर पर रोजगार पैदा हो सकता है: सीएम

**दिल्ली सरकार कलाकारों को देती है स्टेट और स्टेट मेरिट अवार्ड:** स्टेट अवार्ड के तहत प्रत्येक शिल्पकार को 30 हजार रुपए, अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र दिया गया, जबकि स्टेट मेरिट अवार्ड के तहत प्रत्येक को 20 हजार रुपए, अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र दिया गया।

**स्टेट अवार्ड 2020 से ये हुए सम्मानित:** स्टेट अवार्ड 2020 से राजीव वर्मा, अंजू देवी और बबुद्दीन को सम्मानित किया गया। राजीव वर्मा को मेटल क्रॉफ्ट में पीतल का मटका बनाने, अंजू देवी को टेरा कोटा में मटका बिंदरी वर्क और बबुद्दीन को वुड वेयर में फ्रेम मिरर बनाने के लिए सम्मानित किया गया। स्टेट मेरिट अवार्ड के तहत पांच लोग सम्मानित हुए।

## गोली मारकर टैक्सी ड्राइवर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** जिले के नजफगढ़ इलाके में आपसी रंजिश में देर रात कार सवार एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान धीरेंद्र उर्फ ढिल्लू (36) के रूप में हुई है। उसे माथे में गोली मारी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक धीरेंद्र जब खैरा रोड पर अपनी टैक्सी वाली गाड़ी लेकर पहुंचा था। उसी दौरान पीछे से एक सिलेरियो गाड़ी में दूसरा शख्स पहुंचा, वह उतरकर धीरेंद्र की गाड़ी में आया।



सीएम केजरीवाल हस्तशिल्प कलाकारों को सम्मानित करेत हुए।

## चिलचिलाती धूप अभी और करेगी परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली**-एनसीआर सहित उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने परेशान कर दिया है। लोग चिलचिलाती धूप के चलते घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में गर्मी से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञानी डॉ नरेश कुमार ने बताया कि दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में आने वाले दिनों में तापमान 40-45 के पास पहुंच सकता है। इस समय बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हीट वेव (लू) जारी है। आने वाले पांच दिनों में इन हिस्सों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

**42 डिग्री से ऊपर गया तापमान:** दिल्ली एनसीआर सहित आसपास के शहरों में गर्मी पसीने छुटा रही है। तेज धूप और गर्म हवा के चलते लोग परेशान हो गए हैं। मंगलवार को सुबह होते ही गर्मी परेशान करने लगी। दोपहर में 12 बजते ही तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। मंगलवार को तापमान भी दिल्ली सहित एनसीआर के इलाकों में 42 डिग्री से ऊपर तापमान रिकॉर्ड किया है। सोमवार को भी अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हालांकि गुजरात में आए बिपारजॉय चक्रवात की वजह से दिल्ली-एसीआर में बारिश हो सकती है, जिससे लोगों को बारिश से राहत मिलने के आसार है।

## सचिन दुग्गल का गैर जमानती वारंट रद्द करने से कोर्ट का इंकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की एक अदालत ने वीडियोकॉन समूह के 60,000 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उद्यमी सचिन देव दुग्गल के खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने से मना कर दिया। वीडियोकॉन ने अपनी मोजाम्बिक, ब्राजील, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और पूर्वी तिमोर में तेल और गैस संपत्तियों को विकसित करने के लिए बैंकों के एक समूह से यह रकम कर्ज ली थी। विशेष जज राजेश कुमार गोयल ने दुग्गल के उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत के 10 फरवरी, 2023 को उनके खिलाफ वारंट जारी करने के आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी।

## 'गरिमा के साथ जीने के अधिकार में जातिवाद से बंधे रहना जरूरी नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने कहा कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में जातिवाद से बंधे रहना जरूरी नहीं है। अदालत ने उक्त टिप्पणी सीबीएसई की ओर से 10वीं व 12वीं पास करने वाले दो भाइयों के प्रमाणपत्रों में आवश्यक परिवर्तन करने से इन्कार करने के निर्णय को अनुचित ठहराते हुए की।
अदालत ने कहा, यह पूरी तरह से अनुचित है और यदि कोई व्यक्ति किसी विशेष जाति के साथ पहचान नहीं रखना चाहता है तो उसे पूरा अधिकार है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा प्रमाणपत्रों में आवश्यक परिवर्तन करने से इन्कार करना पूरी तरह से अनुचित है और यदि कोई व्यक्ति किसी विशेष जाति के साथ पहचान नहीं रखना चाहता है तो यह एक कारण हो सकता।
अदालत ने कहा, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि याचिकाकताओं को एक पहचान रखने का पूरा अधिकार है जो उन्हें समाज में एक सम्मानजनक पहचान देता है। पहचान का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का एक आंतरिक हिस्सा है।

**अधिकार**

= यह पूरी तरह से अनुचित है और यदि कोई व्यक्ति किसी विशेष जाति के साथ पहचान नहीं रखना चाहता है तो उसे पूरा अधिकार है

## दिल्ली में धर्मांतरण गैंग का किया गया पर्दाफाश

### कलीम के मोबाइल से मिले पांच व्हाट्सएप ग्रुप, चलता था पूरा खेल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**12 जून** चांदनी महल के तुर्कमान गेट स्थित रैन बसेरे में जबरन धर्मांतरण करवाने के प्रयास के मामले में पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि आरोपी कलीम के मोबाइल की जांच में उसके व्हाट्सएप पर पांच ग्रुप मिले हैं। उसमें एक धर्म विशेष के प्रचार-प्रसार से संबंधित वीडियो व अन्य सामग्री मिली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आरोपी न्यायिक हिरासत में जेल में मौजूद है। जरूरत पड़ने पर जल्द ही उसे पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि कलीम के बैंक खातों की भी पड़ताल की जा रही है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं धर्मांतरण के लिए उसे विदेशों से फंडिंग तो नहीं हो रही थी। जांच में पता लगा कि जिस व्यक्ति का संदर्भ हुआ था वह व्यक्ति पहले हिंदू था अब मुस्लिम नाम है। इसे इसके घरवालों ने घर से निकाल दिया था। आरोपी है कि साल 2019 के दौरान मोहम्मद कलीम नाम के शख्स ने संदीप सागर नाम के शख्स पर धर्म परिवर्तन का लागातार दबाव बना रहा था। कथित धर्मांतरण की धमकी की प्राथमिकी पर डीसीपी सेंट्रल दिल्ली संजय कुमार सैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। पता चला है कि जिस व्यक्ति का संदर्भ हुआ था वह पहले हिंदू था। लेकिन अब वह मुस्लिम बन गया है। पता चला है कि इस शख्स को परिवार ने घर से बाहर निकाल दिया था। फिलहाल, पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा भी होगा। कलीम नाम का शख्स संदीप को लागातार लालच दे रहा था। पैसा, नौकरी और शादी के लिए मदद करने को कहता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शिकायतकर्ता संदीप सागर ने आरोप लगाया था कि कलीम ने कई लोगों को बहला-फुसलाने के अलावा लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन करा दिया।
उसमें एक व्यक्ति जिसका नाम संजीव उर्फ अब्बास है, उसके संपर्क में है। संजीव फिलहाल अपने परिवार से अलग रह रहा है। संजीव से भी बातचीत की जा रही है। वहीं पुलिस को दी अपनी शिकायत में संदीप ने यह भी आरोप लगाया था कि उसने जब कलीम की बात नहीं मानी तो आरोपी ने उसके खिलाफ कमला मार्केट थाने में इसी साल अप्रैल माह में मोबाइल फोन और कैश लूटने का मामला दर्ज करा दिया था।



**धर्म विशेष**

= जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि आरोपी कलीम के मोबाइल की जांच में उसके व्हाट्सएप पर पांच ग्रुप मिले हैं

## 50 लाख की लूट की गुत्थी सुलझी, आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य** जिले की एंटी नारकोटिक्स स्कवाडव एंटी ऑटो थेफ्ट स्कवाड की संयुक्त टीम ने प्रसाद नगर इलाके में हथियार के बल पर 50 लाख की लूट के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनमें से एक इन्फॉर्मर और दूसरा षड्यंत्रकारी है और तीसरा हत्या, लूट सहित कई मामलों में शामिल बदमाश है। पुलिस ने इनके पास से 31 लाख रुपए, सेमीऑटोमेटिक पिस्टल और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। डीसीपी संजय कुमार सेन ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लुटेरे की पहचान सुरेश उर्फ काला के रूप में हुई है। यह नजफगढ़ से आगे दिचाऊं का रहने वाला है। जबकि इसके दूसरे साथी की पहचान हितेंद्र सिंह के रूप में हुई है, यह उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला है। पहले यह एक्साइज डिपार्टमेंट में कॉन्ट्रैक्ट बेसिक पर काम करता था। लॉकडॉउन में नौकरी गई,तो उसके बाद यह बेरोजगार हो गया। जबकि इसका दूसरा साथी श्याम करोलबाग का रहने वाला है और आरओ के कारोबार में शामिल है। यह तीनों ही आपस में गहरे दोस्त हैं, इनकी मुलाकात शामली में एक शादी समारोह में हुई थी। पुलिस के मुताबिक, 19 मई को प्रसाद नगर इलाके में 50 लाख लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। जब एक फाइनेंस कंपनी के दो इम्प्लाई से वारदात को अंजाम दिया गया था। उस मामले में स्थानीय पुलिस पूरी जांच कर रही थी। उसमें नारकोटिक्स और एएटीएस की टीम भी लगी हुई थी। एसीपी ऑपरेशन ए के सिंह की देखरेख में पुलिस टीम दर्जनों सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आखिरकार इस वारदात को सुलझाने में कामयाब हुई। पुलिस ने वारदात वाली जगह से डंप डाटा निकाला और उसके आधार पर निकाले गए मोबाइल नंबर से भी मदद मिली और सबसे पहले पुलिस ने हितेंद्र सिंह के बारे में पता लगाया जो उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला था। फिर पुलिस टीम ने उसके ठिकाने के बारे में पता लगाकर उसे दबोचा।

**शिकंजा**

= पुलिस ने 31 लाख रुपए, सेमीऑटोमेटिक पिस्टल और वारदात में इस्तेमाल बाईक को भी बरामद किया है

## उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति करने की दिशा में कवायद तेज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी में** पेयजल किल्लत दूर करने और उपभोक्ताओं को 24 घंटे पेयजल आपूर्ति करने की दिशा में दिल्ली जल बोर्ड ने कवायद तेज कर दिया है। इस दिशा में दिल्ली जल बोर्ड सभी जल शोधक संयंत्रों से 24 घंटे पानी की आपूर्ति करेगा। वह अपने इस मिशन की अक्षरधाम जल शोधक संयंत्र से शुरू कर चुका है। दिल्ली जल बोर्ड राजधानी में 10 जल शोधक संयंत्रों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करता है। इन संयंत्रों में शामिल अक्षरधाम जल शोधक संयंत्र से 24 घंटे पानी की आपूर्ति की जाती है। अक्षरधाम जल शोधक संयंत्र से खेल गांव, अक्षरधाम मंदिर और गणेश नगर को 24 घंटे सातों दिन पानी की आपूर्ति की जा रही है। बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने बताया कि बोर्ड अन्य क्षेत्रों में भी 24 घंटे जल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस दिशा में कई इलाकों को चिह्नित किया जा चुका है और उनमें पानी पूरे दबाव के साथ आपूर्ति करने के लिए पाइप लाइन दबा दी गई है और इन इलाकों में 24 घंटे सातों दिन पानी की आपूर्ति आरंभ करने के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है। इन इलाकों में मालवीय नगर, महरौली, नजफगढ़, नांगलोई आदि शामिल है। इसके अलावा अन्य इलाकों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति करने की पहल की जाएगी। सोमनाथ भारती ने सोमवार को अक्षरधाम के जल शोधक संयंत्र व सीवरेज शोधक संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों संयंत्र की कार्यप्रणाली को समझा और पानी की गुणवत्ता की जांच की। दिल्ली जल बोर्ड यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अक्षरधाम सीवरेज शोधक संयंत्र का पूरी क्षमता से संचालन करेगा। इस संयंत्र में उसकी क्षमता की तुलना में 10 प्रतिशत सीवरेज को शोधित किया जा रहा है। इसके मद्देनजर जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने अधिकारियों को इस संयंत्र का पूरी क्षमता के साथ संचालक करने के निर्देश दिए। इस कड़ी में इस संयंत्र के नजदीक से गुजर रहे दिल्ली सरकार के नाले को ट्रैप कर उससे जोड़ा जाएगा और नाले के पानी को संयंत्र में साफ किया जाएगा।




**शुद्ध पेयजल**

= दिल्ली जल बोर्ड ने कवायद तेज कर दिया है। दिल्ली जल बोर्ड सभी जल शोधक संयंत्रों से 24 घंटे पानी की आपूर्ति करेगा

## दिल्ली का बंदा गुरुग्राम में हुआ टल्ली, कार लेकर कोई हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेक्टर** 65 थाना क्षेत्र में शनिवार रात शराब पीने के बाद एक व्यक्ति द्वारा चुराई गई कार, लैपटॉप और मोबाइल फोन लावारिस हालत में सेक्टर 47 से बरामद की गई। पुलिस ने मामला संदेहास्पद बताया है, साथ ही जांच भी शुरू कर दी है। बता दें कि सेक्टर-65 थाने में दिल्ली के रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शुक्रवार रात गोल्फ कोर्स एक्सटेंसन रोड पर स्थित एक ठेके के पास कार में बैठकर एक अनजान व्यक्ति के साथ शराब पीने लगा।

## युवक पर कैंची से ताबड़तोड़ किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**किशनगढ़** इलाके में नाई के दुकान पर सिगरेट पीने से मना करने पर मकान मालिक के बेटे ने युवक पर कैंची से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने युवक पर आधा दर्जन से अधिक वार किए। चार वार युवक की छाती पर किए गए हैं। युवक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस मौके पर छानबीन करने के बाद हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन कर रही है।

**शराब के नशे में आया मकान मालिक का बेटा, फिर कर दिया हमला:** पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घायल युवक किशनगढ़ निवासी अभय कुमार (38) इलाके में स्थित नाई की दुकान में बाल कटवाने गया था। वह अपनी बारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान जिस मकान में नाई की दुकान है उसके मालिक देवेंद्र महलावत का बेटा मोहित महलावत वहां आया। वह शराब के नशे में धुत था और वह दुकान में घुसकर सिगरेट पीने लगा। अभय ने उसे दुकान से बाहर जाकर सिगरेट पीने के लिए कहा।

**सिगरेट पीने के लिए मना करने के बाद हुई कहासुनी:** उसने कहा कि उसे धुआं से एलर्जी है। इस बात पर अभय की उससे कहासुनी हो गई। उसके बाद मोहित उससे झगड़ा करने लगा और दुकान में रखी कैंची उठाकर अभय पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। पीड़ित बुरी तरह से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को देने के बाद घायल युवक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी ने पीड़ित के शरीर पर कैंची से नौ वार किए थे।

**चाकू से वार**

= आरोपी ने युवक पर आधा दर्जन से अधिक वार किए। चार वार युवक की छाती पर किए गए हैं

## झपटमारी करके भाग रहे झपटमार को टक्कर मारने के बाद दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य जिला** के राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एक झपटमार समेत रिसीवर को गिरफ्तार किया है। झपटमारी करके भाग रहे झपटमारी की बाइक में स्कार्पियो से टक्कर मारने के बाद पुलिस ने पहले झपटमार को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद चोरी का सामान खरीदने वाले रिसीवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों से पूछताछ के बाद झपटे गए व चोरी के 10 मोबाइल फोन व अपराध में इस्तेमाल चोरी एक बाइक बरामद की गई है। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने राजेंद्र नगर के झपटमारी व चोरी के तीन मामले सुलझाने का दावा किया है।

**पहले के आठ आपराधिक मामले हैं दर्ज:** डीसीपी मध्य जिला संजय कुमार सेन के मुताबिक गिरफ्तार किए गए झपटमार का नाम प्रियांशु है। वह पहाड़गंज का रहने वाला है और उसके खिलाफ पहले के आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिसीवर का नाम सोनू है। वह नबी करीम का रहने वाला है।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान:** राजेंद्र नगर थानाक्षेत्र में झपटमारी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए झपटमारों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने हाल के दिनों में दर्ज की गई झपटमारी की घटनाओं का विश्लेषण किया। सीसीटीवी फुटेज की जांच से झपटमारों व उनके द्वारा **इस्तेमाल वाहनों की पहचान की**। सोमवार को पुलिस टीम ने देखा कि पल्सर बाइक पर सवार दो युवक एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीनकर तेजी से भागने लगे। ओल्ड राजेंद्र नगर में पेट्रोलिंग कर रहे हवलदार मुरारी ने उनका पीछा शुरू कर दिया और मौका पाकर एक तीव्र मोड़ पर अपनी स्कार्पियो से पीछे से पल्सर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों जमीन पर गिर पड़े। उनमें से एक मौके से भागने में सफल हो गया। दूसरे को दबोच लिया गया। उसकी पहचान प्रियांशु, मुल्तानी डांडा, पहाड़गंज के रूप में हुई। पूछताछ में अपने बताया कि वह दोस्त करण के साथ मिलकर झपटमारी करता है। करण, डीडीए फ्लैट्स, राजौरी गार्डन का रहने वाला है।

**सोनू के घर की तलाशी में मिले 10 मोबाइल:** उसने आगे बताया कि वह झपटे गए फोन नबी करीम के रहने वाले सोनू को बेचता है। जिसके बाद सोनू को भी दबोच लिया गया। सोनू के घर की तलाशी के दौरान 10 मोबाइल फोन बरामद हुए, जो झपटे हुए व चोरी के पाए गए। करण अभी फरार है। प्रियांशु पर थाना राजौरी गार्डन, ख्याला और राजेंद्र नगर में चोरी और झपटमारी के पहले के आठ मामले दर्ज हैं।



**काबू किया**

= सोनू के घर की तलाशी के दौरान 10 मोबाइल फोन बरामद हुए, जो झपटे हुए व चोरी के पाए गए। करण अभी फरार है

## न्यूज फ्लैश

### एमजेआर एकेडमी के बच्चों ने जीते 5 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक

**पानीपत** पानीपत के एमजेआर शिक्षण संस्थान में चल रही एकेडमी के खिलाडियों ने पंजाब के खालसा कालेज अमृतसर में 10 व 11 जून को आयोजित 10वीं ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023 में 5 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक जीतकर एमजेआर स्कूल व जिला का नाम रोशन किया है। पदक जीतकर लौटे सभी बच्चों को मंगलवार को एमजेआर संस्थान के संचालक कंवर रविंद्र सैनी ने पुरस्कृत किया। उन्होंने विजेता सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाडि?ं को आगे बढ? के लिये सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। एकेडमी के कोच मुकेश सरोहा ने बताया कि एमजेआर एकेडमी के खिलाडियों ने अलग-अलग वर्गो में 5 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक जीते है। अंशुल सरोहा, जतिन अनेजा, यश सरोहा, वंश व योगेश नरवाल ने स्वर्ण पदक, लक्की, लक्ष्य व हनिका ने रतज और युग सरोहा व अरमान ने कांस्य पदक जीते है। कोच ने बताया कि अमृतसर शहर के खालसा कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, राजस्थान व गुजरात सहित विभिन्न राज्यों के खिलाडियों ने भाग लिया।

### एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल ने न्यूरो और गैस्ट्रो मरीजों के लिए किया ओपीडी का आयोजन

**रोहतक :** देश के लोगों को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए दिल्ली स्थित एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स के डॉक्टर इस माह एक विशेष ओपीडी के लिए रोहतक का दौरा कर रहे हैं। इस ओपीडी में न्यूरोलॉजिकल और गैस्ट्रो समस्या के पीड़ितों को परामर्श व इलाज प्रदान किया जाएगा। यह ओपीडी 13 और 14 जून और फिर 27 और 28 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लाईफकेयर हॉस्पिटल, रोहतक में आयोजित होगी।न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का दिमाग और नर्वस सिस्टम पर गहरा असर पड़ता है। ये संज्ञानात्मक क्षमता, गतिविधि, और पूरी शारीरिक प्रणाली पर असर डालती हैं। दूसरी ओर गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल विकार बहुत आम हो गए हैं और पाचन एवं स्वास्थ्य पर उसके असर के कारण इन्हें समझना जरूरी है। समय पर निदान और इलाज किसी भी जटिलता को होने से रोक सकता है और लक्षणों को नियंत्रित कर जीवन की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करता है।इस बारे में डॉ. खुशबू गोयल, कंसल्टैंट न्यूरोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स ने कहा, ह्यह्यभारत में ज्यादातर लोग न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों को नजरंदाज कर देते हैं, जिससे स्थिति बिगड़ जाती है और मरीज के शरीर पर इलाज कम असरदार हो जाता है। संक्रामक और असंक्रामक, दोनों तरह के न्यूरोलॉजिकल विकार मरीज के लिए जानलेवा हो सकते हैं। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग एवं अन्य जोखिम न्यूरोलॉजिकल विकारों के कारण बन सकते हैं।इस मामले में डॉ. सार्थक मलिक, कंसल्टैंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स ने कहा, ह्यह्यदैनिक जीवन में लोगों को कई गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल समस्याएं प्रभावित कर सकती हैं, जिनमें पेट फूलना, गैस्ट्राईटिस, और डायरिया शामिल है, लेकिन जब ये समस्याएं लंबे समय तक चलती हैं, और बार-बार होने लगती हैं, तो फिर उनका कारण कोई अंदरूनी बीमारी हो सकती है। इस ओपीडी द्वारा हम लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य की जाँच कराने और स्वास्थ्य की समस्या के लिए परामर्श लेते रहने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

### जिले में मंगलवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस-उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करें।

### मोटर व्हीकल एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन

**सोनीपत:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार तथा प्रमोद गोयल माननीय जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत अशोक कुमार मान की देखरेख में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा मोटर व्हीकल संशोधित एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के चैप्टर 11 व 12 के संबंध में चर्चा की गई व विस्तार से जानकारी साझा की गई। कार्यशाला को अधिवक्ता नितिन जैन व अधिवक्ता जोगेन्दर कुहाड ने संबोधित किया व संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# 152 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

## रोजगार मेला रोजगार सृज्जन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में एक कदम है

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर के किंगफिशर टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अश्विनी कुमार चौबेए उपभोक्ता मामलेए खाद्य और सार्वजनिक वितरण और पर्यावरणए वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री मुख्या अतिधि के रूप में शामिल हुए। रोजगार मेले में 152 नवनियुक्त अभियार्थियो ने शिरकत की। वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री द्वारा बटन दबाकर इस रोजगार मेले का शुभारंभ किया गया तथा उन्होंने अपने भाषण में बताया कि रोजगार मेला रोजगार सृज्जन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की




दिशा में एक कदम है। रोजगार मेले से आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद है। अभियार्थियों जिनमें रेलवेए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभागए पंजाब नेशनल बैंकए भारतीय डाक विभागए एवं कैंटीन स्टोर डिपो को नियुक्ति पत्र सौंपे गए ।

केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण करने के बाद अपने भाषण में जिन उमीदवारों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैंए उनको इस मुकाम तक पहुँचाने के लिए की गयी कड़ी मेहनत और उनकी इस उपलब्धि के बहुत शुभकामनाएं दी और विश्वाश जताया की जिन उमीदवारों को आज उनके नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैंए वे हमारे संगठनों की वृद्धि और विकास में महतवपूर्ण भूमिका निभाएंगे और हमारे देश को सर्वोत्तम संभव सेवा प्रदान करने में मदद करेंगे । उन्होंने कहा कि आज काफी हर्षोल्लास का दिन है। इन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अब तक 8 लाख 72 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। आज पूरे देश में 45 केंद्रों पर 70 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इण्डिया से लेकर स्टाटप इण्डिया में युवाओं की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि अनेक मुद्रा योजना से लेकर विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को लाभ दिया है। 9 वर्ष के दौरान जन-धन योजना के तहत करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा।आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले। वह नियुक्ति पत्र पाकर काफी उत्साहित थे। युवाओं ने बताया कि केंद्र सरकार की पारदर्शी व जन कल्याणकारी नीतियों के तहत उन्हें यह नौकरी मिल सकती है। युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारत सरकार का एक बेहतरीन कदम में है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का विश्वास ओर अधिक बढ़ा है। युवाओं ने बताया कि हमारे लिए सरकारी नौकरी पाना गौरव की बात है।

# भाजपा को मिलेंगी 300 से अधिक सीटें : शाह

**टीम एक्शन इंडिया/तमिलनाडु**

सुनहरे भविष्य की तैयारी वर्तमान में करने वाले भाजपा के प्रमुख चुनाव प्रचारक अमित शाह एक सच्चे दूरदर्शी हैं। आम चुनाव में करीब एक साल का समय बचा है लेकिन शाह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करने में निरंतर जुटे हुए हैं और देश भर में चुनाव प्रचार करने में व्यस्त हैं। चिलचिलाती धूप का सामना करते हुए शाह देश भर में पार्टी नेताओं से मिल रहे हैं और कई सार्वजनिक रैलियों में भाग ले रहे हैंए जिसमें वह प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में एक मजबूत सरकार की वकालत और 300 से अधिक सीटों के साथ स्पष्ट व पूर्ण जनादेश का दावा कर रहे हैं। उम्मीद के मुताबिक कांग्रेस और उसके पूर्व सांसद राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ रहा है। एक



अनुभवी प्रचारक के रूप में शाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस सरकार की चार पीढ़ियों के दौरान देश में गरीबी कैसे बनी रही। तमिलनाडु में शाह ने राज्य के लिए मोदी सरकार की उदारता पर प्रकाश डालते हुए स्टालिन सरकार पर तंज कसा। राज्य में द्रमुक.कांग्रेस सरकार की घोर विफलता की भाजपा नेता ने तीखी आलोचना की। उन्होंने वेल्लोर में कहाए तमिलनाडु के युवाओं के पास तमिल में परीक्षा देने का विकल्प नहीं था।

# प्रदेश स्तरीय दो प्रतियोगिता में अकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सीएमआर कबड्डी** अकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में पदक जीतकर अकेडमी का रौशन किया है। अकेडमी में पहुंचने पर विजेता पहलवानों का स्वागत कियागया। अकेडमी के कोच इन्द्र पहल ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों ने ब्रहमाणवास अकेडमी में



हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में 60 किलो भार वर्ग में भाग लिया। गुमड़ अकेडमी की टीम ने पहले मैच खेलते हुए पंजाब की पराजित कर अगले राऊड में प्रवेश किया। फाईनल मैच में नौल्था की टीम को हराकर प्रथम स्थान पर कब्जा किया। इसके अलावा हिसार में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुमड़ अकेडमी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोच इन्द्र पहल ने बताया कि प्रतियोगिता 50 किलो भार वर्ग में हुई। पहले मैच में सीएमआर की टीम ने भिवानी की टीम को 7 अंको से हराया। इसके बाद पाबड़ा हिसार को हराकर अगले राऊउ में प्रवेश किया। सिरसा की टीम को हराकर फाईल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विजेता पहलवानों को डा. आन्नद, मास्टर नफे सिंह, बाला, रविन्द्र के अलावा गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

### पक्का होने के लिए विधायकों व मंत्रियों को ज्ञापन सौंपेगे गेस्ट टीचर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अतिथि अध्यापकों** को नियमित करवाने की मांग को लेकर हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ 18 जून से हरियाणा प्रदेश के सभी 90 विधायकों और मंत्रियों को सौंपेगा ज्ञापन। ये शब्द अतिथि अध्यापक संघ के ब्लॉक प्रधान कुलदीप चौहान ने स्थानीय रुद्राक्ष पार्क में अतिथि अध्यापको की बैठक को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के सभी अतिथि अध्यापकों में रोष व्याप्त है। अतिथि अध्यापक पिछले 18 वर्षों से शोषण का शिकार हो रहे हैं और नियमित अध्यापकों तुलना में एक तिहाई से भी कम वेतन पर काम करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। और अन्य सुविधाओं के नाम बार बार झूठे असवाशन मिले है।

# सीएम द्वारा खरखौदा मे दी गई मारुति की सौगात पर, राजनैतिक दलों के पेट मे दर्द क्यों??

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**भाजपा नेता** व पूर्व चैयरमैन अनिल झरोठी ने आज फतेहपुर और बिधलान गांव में जनसम्पर्क करने के बाद खरखौदा कार्यालय पत्रकार वार्ता हुए कहा की बीते दिन कांग्रेस नेताओ दवारा की गई पत्रकार वार्ता में खरखौदा का विकास पूर्व मुख्यमंत्रीं हुड्डा दवारा कहना उनकी बौखलाहट को दशार्ता है। पूर्व चैयरमैन अनिल झरोठी ने कहा जब सरकार बनने के बाद पहली बार खरखौदा मे पहुंचे तब कहा था कि खरखौदा मे अब तक विकास नही करके कांग्रेस ने विकास के मामले में



पीछे छोडा है। अब खरखौदा का विकास प्राथमिक के साथ होगा। चैयरमैन अनिल झरोठी ने कहा की जब से माननीय मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने खरखौदा मे मारुति की सौगात दी थी तब से सभी राजनैतिक दलों के पेट मे दर्द हो गया है क्योंकि उन्होने तो सोचा भी नहीं था की खरखौदा मे मारुति के साथ तीन- तीन नैशनल हाईवे व शीघ्र ही रेलवे नेटवर्क से खरखौदा को जोडा जायेगा। इसके अलावा मे व्यामशाला पार्क व गाँव के सड़क समपर्क को चौड़ीकरण के मजबूत बनाने का काम किया है।

# गांव बड़ी में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को किया गया ध्वस्त

## डीटीपी ने लोगों से की अपील, अवैध कॉलोनियों में न खरीदे कोई भी प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**जिला नगर योजनाकार** की टीम ने गांव बड़ी की राजस्व संपदा में 2.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। टीम ने इस दौरान 2 निमार्णाधीन दुकाने, 3 बाउंडरी वॉल व कच्चे रास्ते को ध्वस्त किया गया। तोड़फोड कार्यवाही के दौरान सहायक नगर योजनाकार अनिल कुमार के नेतृत्व में जेसीबी की मदद से कार्रवाई की गई। (डीटीपी) नरेश कुमार ने कहा कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण



को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं।

जिला नगर योजनाकार ने चेताया कि किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आगे भी चलेगा अभियान : कुमार**

-सहायक नगर योजनाकार अनिल कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा आगे भी अभियान चलाया जाएगा। विभाग अवैध कालोनी में कभी भी कार्रवाई सकता हे। इसलिए प्लाट लेकर मकान का निर्माण न करे और न ही प्लाट की नींव भरे।

### आस्क ऑटोमोटिव लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा ।** भारत में दोपहिया के लिए ब्रेक-शू और एडवांस्ड ब्रेकिंग सिस्टम्स के सबसे बड़े निर्माता, आस्क ऑटोमोटिव लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार विनियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के जरिए धन जुटाने की योजना बनाई है। पब्लिक ऑफर में 2 रु. अंकित मूल्य के 29,571,390 इक्विटी शेयर्स तक का ह्यऑफर फॉर सेलह्ण शामिल है। कुल 'ऑफर फॉर सेल' में कुलदीप सिंह राठी के 20,699,973 इक्विटी शेयर और प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर विजय राठी के 8,871,417 इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी इन-हाउस डिजाइनिंग और विनिर्माण क्षमताओं के साथ तीन दशकों से अधिक समय से सुरक्षा प्रणालियों और महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग समाधानों की आपूर्ति कर रही है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, दोपहिया, असली उपकरण निमार्ताओं, असली उपकरण आपूर्तिकताओं और स्वतंत्र आफ्टरमार्केट के संयुक्त उत्पादन की मात्रा के मामले में वित्त वर्ष 2022 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी लगभग 50% है। कंपनी की पेशकश पावरट्रेन एग्नॉस्टिक है, जो इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ आंतरिक दहन इंजन ओईएम की जरूरतों को पूरा करती है। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) हैं।

### अफसर रावल बने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हरियाणा के प्रांत संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**अखिल** भारतीय मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया।अभ्यास वर्ग में 17 सत्र लगे जिसमें एक देश एक कानून, युवाओं की निर्माण में भूमिका, योग, पर्यावरण, जनसंख्या नियंत्रण कानून, यूनिफॉर्म सिविल कोड़ सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।वर्ग की अध्यक्षता करते हुए मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्र निर्माण के लिए 20 वर्षों से कार्य कर रहा है। जिसके कारण आज मुस्लिमों में मंच के प्रति रुझान बढ़ा है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अमृत काल अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक एवं आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने मंच की कार्यकारिणी की घोषणा की।

# 'खून दो, प्लाज्मा दो, जीवन बांटो' पर हुआ सेमीनार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**

**सारथी जन** सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि., सोनीपत एवं अभियान फाउंडेशन सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय बहुतकनिक संस्थान सोनीपत के सेमिनार हॉल में खून दो, प्लाज्मा दो, जीवन बांटो, बार-बार बांटो। विषय पर सेमिनार व रक्तदान के क्षेत्र में 1000 यूनिट से ज्यादा रक्त संग्रह करने वाली अग्रणी सामाजिक संस्थाओं व 100 बार से अधिक रक्तदान करने वाले जिले के व्यक्तियों



को स्टार ब्लड डोनर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के वाईस चांसलर डॉ राजेंद्र कुमार अनायत मुख्यातिथि व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ जगदीश बत्रा ने की। राष्ट्रपति अवार्डी नरेश शर्मा भारतीय राजस्व सेवा के उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त से. नि., गौरव रामकरण सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सोनीपत, अनिल कुमार सहरावत प्रिंसिपल राजकीय बहुतकनिक संस्थान, किरण बाला अध्यक्ष बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति सोनीपत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि राजेंद्र कुमार अनायत ने कहा कि रक्तदान करना जीवन में सबसे बड़ा महादान है। ऐसा इसलिए है कि आप रक्तदान कर दूसरों की जान बचाते हैं। ऐसा करने के बाद जो सुखद अनुभूति होती है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

इस अवसर पर पूर्व रेडक्रॉस

# परीक्षा के दौरान योग से करें तनाव दूर: डॉ कुलदीप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**डॉ बी** आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान बच्चों में स्ट्रेस से लेकर और भी कई समस्याएं देखने को मिलती है। तनाव को दूर करने के लिए आज ह्यपरीक्षा के समय मानसिक तनाव दूर करने के उपायह्ण विषय पर कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्टी में योग भारती के प्रांत सचिव व योग आयोग हरियाणा सरकार के सदस्य डॉ कुलदीप सिंह वक्ता रहे। डॉ कुलदीप सिंह ने कहा कि परीक्षा के दौरान अक्षर बच्चों में तनाव को लेकर कई समस्याएं



देखने को मिलती है। जिसके कारण वह पढ़ाई में सही से मन नहीं लगा पता है। कुछ योगासन है जिनके द्वारा बच्चों का मानसिक तनाव तो कम होगा ही साथ ही उनका पढ़ाई में भी मन लगेगा। तनाव के कारण कई बच्चों को याद किया हुआ याद नहीं रहता है जिसके चलते बच्चे बहुत ही ज्यादा स्ट्रेस लेने लगते हैं और पढ़ाई में मन भी नहीं लगा पाते है। डॉ सिंह ने कुछ योगासन के बारे में बताया जिन्हें सुबह-सुबह करने से तनाव तो कम होता ही है साथ ही पढ़ाई में भी मन लगता है। उन्होने बताया कि ताड़ासन बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे रोजाना करने से ना केवल उनका पोस्चर अच्छा होता है बल्कि उनकी हाइट भी बढ़ती है। केवल बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े भी रोजाना ताड़ासन करें तो उनकी मेंटल हेल्थ में काफी सुधार होता है। भुजंगासन आसन को रोजाना करने से दिमाग को ध्यान केंद्रित करने बहुत हेल्प मिलती है। इसके साथ ही उनका कोआर्डिनेशन बेहतर होता जाता है। शरीर फ्लेक्सिबल होता है। सेहत भी बेहतर बनी रहती है। एग्जाम टाइम शुरू होने पर बच्चों की आउटडोर एक्टिविटी पूरी तरह से बंद हो जाती है। जिसके कारण शरीर काफी कमजोर हो जाता है और दिमाग भी सही तरीके से काम नहीं करता है। इसे दूर करने के लिए बच्चों को पर्वतासन करना चाहिए।

इसे करने से बच्चों को शरीर बैलेंस रखने में सहायता मिलेगी। साथ ही उनका पढाई करने में मन भी लगेगा। डॉ कुलदीप ने बताया कि परीक्षा के दौरान अधिकतर बच्चों में पढ़ाई को लेकर स्ट्रेस और एंजाइटी देखने को मिलती है। इसके साथ ही उनमें सिर दर्द की समस्या भी देखने को मिलती है।

# पुरानी पेंशन का हक लेकर रहेंगे: रामकुमार गुर्जर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र के आंदोलन को और भी ज्यादा मजबूती मिली, जब उत्तर भारत के सबसे बड़े कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व टीचिंग क्लब ने इस आंदोलन को तन मन धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया ।इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी चाहे वे अध्यापन से हो या गैर अध्यापक हो, सभी की मांग पुरानी पेंशन बहाल करने की रही है। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ आनंद कुमार व महासचिव डॉ जितेंद्र ने बताया की कुरुक्षेत्र



विश्वविद्यालय के शिक्षण संघ के सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन को बहाल करने के लिए समय-समय पर मांग उठाते रहे हैं इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को हुए राज्यव्यापी आंदोलन पंचकूला में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर इस आंदोलन में अपनी भागीदारी की थी । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान रामकुमार गुर्जर व महासचिव डॉक्टर अनिल ने बताया कि 19 तारीख के पेंशन संकल्प साइकिल यात्रा का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचने पर सैकड़ों कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा और हर कर्मचारी साइकिल यात्रा ने राज्य कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी के साथ रहेगा।

# जहांगीरपुरी वार्ड में पार्षद टिम्सी शर्मा ने किया दौरा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नम्बर-18 के जहांगीर पुरी इलाके के आई व जे ब्लॉक का निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर निगम पार्षद ने निगम के पार्कों और गलियों का दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर उनके साथ रमेश शर्मा, अनुज सिंह व निगम के कर्मचारी और कई लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने क्षेत्र की जनता से कहा कि मैंने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रखे है कि वह कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न बरते, जिससे की जनता को परेशान होना पड़े।



वजीरपुर वार्ड के महिला पार्क में पंप खराब हो जाने के कारण ब्लॉक वासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। पंप को ठीक करवाते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## डार्क स्पॉट खत्म करने के लिए सरकार लगाएगी स्मार्ट स्ट्रीट लाइटें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में महिला सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत दिल्ली सरकार द्वारा पूरी दिल्ली में स्मार्ट स्ट्रीट लाइटें लगाकर सभी डॉर्क स्पॉट को खत्म करेगी। इन लाइटों को सेंट्रलाइज्ड नियंत्रित किया जाएगा। अब अगर कोई भी स्ट्रीट लाइट खराब हुई तो उसकी सेंट्रलाइज्ड निगरानी की जाएगी। इससे बिजली की खपत भी कम होगी। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में स्मार्ट स्ट्रीट लाइट पॉलिसी को सीएम अरविंद केजरीवाल के सामने पेश किया, जिसे सीएम ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि महिला सुरक्षा की दिशा में दिल्ली सरकार बड़ा कदम उठा रही है। पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों पर स्मार्ट-स्ट्रीट लाइट योजना लागू की जाएगी। इसकी निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम बनेगा। कोई लाइट खराब हुई तो अपने आप पता चल जाएगा और उसे तुरंत बदल दिया जाएगा। दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष स्मार्ट स्ट्रीट लाइट योजना को लेकर प्रेजेंटेशन दिया। वर्तमान में मौजूदा स्ट्रीट लाइट्स की टेक्नॉलॉजी आउटडेटेड होने के चलते स्पेयर पार्ट्स आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते है।

## जरूरतमंदों व असहायों की मदद करना पुण्य का कार्य: अमित गुप्ता

### 'एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चो को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
नर सेवा को नारायण सेवा मनाने वाले वजीरपुर के समाजसेवी अमित गुप्ता ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों और असहायों की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी का कल्याण हो सके। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी निर्धन व असहायों की मदद के लिए आगे रहे। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि आगे बढ़ो और शिक्षा के महत्व को समझों और शिक्षित बनो, संघर्ष करों तभी आप आगे निकल सकते हो। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलाये, जिससे की बच्चे शिक्षित होकर आपका और समाज का नाम रोशन करें।

# वजीरपुर: उद्यम सिंह पार्क में भारत विकास परिषद ने लगाया एनीमिया जांच शिविर







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके उद्यम सिंह पार्क में भारत विकास परिषद के सहयोग से निःशुल्क एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही महिलाओं को गुड़-चना और सेनेटरी पैड भी वितरण किए गए। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, निगम पार्षद योगेश वर्मा, प्रमुख समाज सेविका चंचल जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन ने महिलाओं को गुड़ चना और सेनेटरी पैड का वितरण किया। सांसद ने कहा कि हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की विशेष आवश्यकता है। आज उद्यम सिंह पार्क में भारत विकास परिषद के सहयोग से निःशुल्क एनीमिया जांच शिविर और महिलाओं को गुड़ चना और सेनेटरी पैड का वितरण किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का समाजसेविका चंचल जैन ने धन्यवाद किया और महिलाएं कैसे एनीमिया से बच सकती है। इसके बारे में विशेष रूप से जानकारी भी दी। चंचल जैन ने भारत विकास परिषद के द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रक्तदान होता है महादान, इसलिए सभी करें रक्तदान: इन्द्र कुमार बत्तरा

### 'रक्तदान करने से नहीं आती है शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**वजीरपुर** आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष इन्द्र कुमार बत्तरा ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है। सभी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। इसलिए सभी रक्तदान करें।

## लूटपाट का विरोध करने पर युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक युवक की चाकू के कई वारकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त इमरान (23) के रूप में हुई है। वारदात के समय इमरान काम पर से घर लौट रहा था। इस बीच घर के नजदीक ही बदमाशों ने उसे घेरकर वारदात को अंजाम दिया। हमले के बाद आरोपित फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने बब्बू खान को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अन्यों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इमरान अपने परिवार के साथ वेलकम स्थित जनता कालोनी में रहता था। इसके परिवार में पिता रज्जाक खान, मां अल्ला रखी, दो बहनें, चार भाई सज्जाद, शमशाद, दिलशाद और जव्वाद हैं।

भाइयों में इमरान सबसे छोटा था। वह गोकुलपुरी स्थित एक कढ़ाई की फैक्टरी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार देर रात करीब 11 बजे वह फैक्टरी से अपने घर लौट रहा था। इस बीच जनता कालोनी स्थित इंद्रापार्क के पास पहुंचा तो तीन लड़कों ने उसे घेर लिया।



त्रीनगर वार्ड में अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा करते हुए निगम पार्षद मीनू वीरेंद्र गोयल साथ में है निगम के अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग।

# विद्यालयों में साइबर क्राईम के प्रति दिल्ली पुलिस साइबर अपराध सेल ने किया जागरूक







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन कुमार शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष विपिन गुप्ता के सानिध्य में जीबीएसएसएस आदर्श नगर नम्बर-1 (1309013), जीजीएसएस मजलिस पार्क (1309036) में दिल्ली पुलिस के साइबर अपराध (उत्तर पश्चिम जिला) सेल के द्वारा साइबर अपराध जागरुकता दिवस मनाया गया। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों और अकादमिक स्टाफ और अन्य स्टाफ ने भाग लिया। प्रिंसिपल कुलदीप सिंह, मैम बिमला मलिक के अलावा नरेश गुप्ता जिला प्रभारी, सत्येंद्र वीर सिंह वार्ड समन्वयक टीम एसएमसी आदर्श नगर विधानसभा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर साइबर अपराध (उत्तर पश्चिम जिला) सेल की टीम ने लोगों को जागरूक किया।

# 'भारत में ट्विटर बंद करने की धमकी मिली थी'

## जैक डोर्सी के आरोप को केंद्र सरकार ने बताया झूठ, विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा

**गंभीर आरोप**

**डोर्सी सरासर झूठ बोल रहे हैं। ट्विटर ने भारतीय कानून का बार-बार उल्लंघन किया हैः केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ट्विटर** के सह-संस्थापक और पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने दावा किया कि भारत उन पर किसान आंदोलन के दौरान सरकार का विरोध करने वाले अकाउंट को बंद करने के लिए 'दबाव' बना रहा था। उनके इस दावे पर अब केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि डोर्सी सरासर झूठ बोल रहे हैं। ट्विटर ने भारतीय कानून का बार-बार उल्लंघन किया है।

**भारतीय कानून का बार-बार उल्लंघन कर रहा था ट्विटरः** केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यह जैक डोर्सी द्वारा बोला गया साफ झूठ है- शायद ट्विटर के इतिहास के उस बहुत ही संदिग्ध अवधि को मिटाने का प्रयास है। डोर्सी और उनकी टीम के तहत ट्विटर भारतीय कानून का बार-बार और लगातार उल्लंघन कर रहा था। वास्तव में वे 2020 से 2022 तक बार-बार कानून का उल्लंघन कर रहे थे और आखिरकार जून 2022 में उन्होंने इसका अनुपालन किया। कोई जेल नहीं गया और न ही ट्विटर 'शटडाउन' हुआ।" डोर्सी को भारतीय कानून की संप्रभुता को स्वीकार करने में समस्या थी। उसने ऐसा व्यवहार किया जैसे भारत के कानून उस पर लागू नहीं होते। एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में भारत को यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि भारत में काम करने वाली सभी कंपनियां उसके कानूनों का पालन करें।

जनवरी 2021 में विरोध प्रदर्शनों के दौरान बहुत सारी गलत सूचनाएं और यहां तक कि नरसंहार की रिपोर्टें भी आईं, जो निश्चित रूप से फर्जी थीं। भारत सरकार को मंच से गलत सूचनाओं को हटाने के लिए बाध्य होना पड़ा, क्योंकि इसमें फर्जी खबरों के आधार पर स्थिति को और भड़काने की क्षमता थी। डोर्सी के समय ट्विटर को भारत में गलत सूचना को हटाने में समस्या हुई, जबकि उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में इसी तरह की घटनाएं होने पर स्वयं ऐसा किया था। रिकॉर्ड को सही करने के लिए, किसी पर छापा नहीं मारा गया और न ही किसी को जेल भेजा गया। हमारा ध्यान केवल भारतीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने पर था। उस अवधि के दौरान ट्विटर की मनमानी, स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण और अपने मंच पर शक्ति के दुरुपयोग के बारे में अब सार्वजनिक डोमेन में पर्याप्त सबूत हैं। डोर्सी के समय ट्विटर न केवल भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,19 का उल्लंघन कर रहा था, बल्कि गलत सूचनाओं को हथियार बनाने में भी सहायता कर रहा था।

### जैक डोर्सी ने क्या कहा?

**दरअसल**, ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डोर्सी ने एक इंटरव्यू के दौरान दावा किया था कि भारत सरकार उन पर किसान आंदोलन को कवर करने वाले अकाउंट को ब्लाक करने का दबाव बना रही थी। ऐसे अकाउंट, जो सरकार का विरोध कर रहे थे, उन्हें बंद करने को कहा गया था। यही नहीं, भारत में ट्विटर बंद करने की भी धमकी दी गई थी।

### २पत्रकारों के अकाउंट को बंद करने का मिला अनुरोध

**ट्विटर** के पूर्व सीईओ ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसे पत्रकारों के अकाउंट को बंद करने का अनुरोध किया था, जो किसान आंदोलन को लेकर सरकार की आलोचना कर रहे थे। मुझे यह देखकर ऐसा लगा कि अगर ट्विटर ऐसा नहीं करेगा तो उसे भारत में बंद कर दिया जाएगा और भारत में उसके कर्मचारियों के घर पर छापे मारे जाएंगे। हालांकि, डार्सी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है।

**तुर्किये में भी करना पड़ता है समस्या का सामनाः** डोर्सी ने कहा कि तुर्किये मे भी भारत की तरह ही समस्या का सामना करना पड़ता है। वहां की सरकार ने भी ट्विटर को बंद करने की धमकी दी थी। दरअसल, डोर्सी उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या उन्हें बीते सालों में विदेशी सरकारों के दबाव का सामना करना पड़ा था।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रीन बेल्ट विकसित कर बढ़ाएं मथुरा की सुंदरताः एनजीटी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) प्रधान न्यायपीठ नई दिल्ली के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण प्रबन्धन प्लान निरूपण की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट विकसित कर मथुरा की सुंदरता को बढ़ाना है। इस दौरान उन्होंने पौधों में जल भी डाला। बैठक में न्यायाधीश ने सॉलिड़ वेस्ट मैनेजमेंट के तहत सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल शत-प्रतिशत किए जाने एवं उसका सैग्रीगेशन कराने तथा नगर पालिका तथा नगर पंचायतों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करवा कर नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाने का निर्देश दिए। 120 माइक्रोन से नीचे के प्लास्टिक पर सख्ती पूर्वक रोक लगाकर, कागज एवं कपड़ों के थैलों को बढ़ावा देकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मेडिकल वेस्ट के निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए सीएमओ को निर्देश दिया कि नियमानुसार इनका निस्तारण किया जाए। न्यायाधीश ने नगर निकायों में ग्रीन बेल्ट विकसित कर नगर की सुंदरता एवं वायु गुणवत्ता सुधारने का भी निर्देश दिया। अस्पतालों एवं अन्य कामर्शियल भवनों तथा प्रतिष्ठानों में ग्राउंड वाटर के दोहन को मापने के लिए पानी का मीटर लगवा कर पानी के बबार्दी को रोकने तथा मिशन लाइफ अभियान के अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा सात बिन्दुओं के अन्तर्गत चिन्हित कुल 75 गतिविधियां के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिये। न्यायाधीश ने मथुरा को प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बताते हुए वनों, नदियों, तालाबों, झीलों इत्यादि की विस्तृत कार्य योजना बनाकर संरक्षण करने के निर्देश दिए।

### फोर्ब्स की वैश्विक सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज 45वें स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। फोर्ब्स की नवीनतम ग्लोबल 2000 सूची में आरआईएल आठ पायदान की छलांग के साथ 45वें स्थान पर पहुंच गई है। इस सूची में किसी भी भारतीय कंपनी के मुकाबले यह सर्वोच्च स्थान है। बिजनेस मैग्जीन फोर्ब्स ने 2023 के लिए दुनिया की शीर्ष 2000 कंपनियों की सूची जारी की है। फोर्ब्स ने इसे चार कारकों-बिक्री, लाभ, संपत्ति और बाजार मूल्यांकन के आधार पर तैयार किया है। इस सूची में अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन 2011 के बाद पहली बार शीर्ष पर है, जिसकी कुल संपत्ति 3700 अरब डॉलर है। सऊदी तेल कंपनी अरामको दूसरे स्थान पर है। फोर्ब्स की सूची में कुल 55 भारतीय कंपनियों को शामिल किया गया है। सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज को 109.43 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री और 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर के लाभ के साथ 45वां स्थान मिला है। समूह का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार तक फैला हुआ है। आरआईएल सूची में जर्मनी के बीएमडब्ल्यू समूह, स्विट्जरलैंड के नेस्ले, चीन के अलीबाबा समूह, अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल और जापान की सोनी से आगे है। सूची के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 77वें स्थान (2022 में 105वां स्थान), एचडीएफसी बैंक को 128वां स्थान (2022 में 153वां स्थान) और आईसीआईसीआई बैंक 163वें स्थान (2022 में 204वां स्थान) पर है। सूची में ओएनजीसी 226वें, एलआईसी 363वें, टीसीएस 387वें, एक्सिस बैंक 423वें, एनटीपीसी 433वें, लार्सन एंड टुब्रो 449वें, भारती एयरटेल 478वें, कोटक महिंद्रा बैंक 502वें, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 540वें, इंफोसिस 554वें और बैंक ऑफ बड़ौदा 586वें स्थान पर हैं।

## विलुप्त छह तालाबों की खुदाई कर की गई काष्ठ स्तंभ की स्थापना



**संरक्षण**

**मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन ने हटाया था कब्जा, छै आगर छै कोरी तरिया के नाम से प्रसिद्ध है धमधा**

**टीम एक्शन इंडिया/धमधा**
छत्तीसगढ़ में जल संग्रह करने वाले तालाबों के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया जा रहा है। राजधानी रायपुर से 50 किलोमीटर दूर धमधा (दुर्ग जिला) में विलुप्त हो चुके छह तालाबों को पहले कब्जामुक्त किया गया, फिर जनसहयोग से उसकी खुदाई का कार्य किया गया। फिर गांववालों ने मिलकर वहां प्राचीन परंपरा के अनुसार उसमें ताम्रपत्र अंकित कर काष्ठस्तंभ की स्थापना की है।

वैसे तो तालाबों को जल संरक्षण के लिए बहुत महत्व का माना जाता है, यह कार्य आज से हजारों साल पहले धमधा के गोंड राजाओं ने किया था। धमधा के बारे में एक लोकोक्ति है कि वहां एक दो नहीं बल्कि छै आगर छै कोरी तरिया अर्थात 126 तालाब थे। लेकिन आज 26 भी नजर नहीं आते। धमधा के इस ऐतिहासिक पहचान को पुनर्जीवित करने का काम धर्मधाम गौरवगाथा समिति कर रही है। समिति ने 2017 से तालाबों के बीच बने स्तंभ के संरक्षण से कार्य प्रारंभ किया था, अब वह छह तालाबों के संरक्षण तक पहुंच चुका है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति के संयोजक गोविन्द पटेल व वीरेंद्र देवांगन ने बताया कि हमने प्रारंभ में छै आगर छै कोरी लोकोक्ति की पड़ताल से कार्य आरंभ किया। धमधा के तालाबों को गिनना प्रारंभ किया, उनकी सूची बनाई, उनका रकबा और खसरा नंबर तलाशा। फिर सूचना का अधिकार से आवेदन लगाकर पुराने दस्तावेज निकाले। सौ साल पुराने अंग्रेज जमाने के बंदोबस्त नक्शा निकाला गया। इस तरह 126 तालाबों के नाम और उनके स्थान मिल गए। इसकी एक पुस्तक छै कोरी छै आगर तरिया अऊ बूढ़वा नरवा नाम से पुस्तक प्रकाशित की गई।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासियों के समूह के साथ ग्रुप फोटो में।

## सीएम धामी से मिले जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सचिवालय में मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री धामी से सेना से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने कहा कि चंपावत में सीएसडी कैंटीन के विस्तारीकरण के लिए धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रुद्रप्रयाग में भी सीएसडी कैंटीन के लिए भवन बनाया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने उनका आभार व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने मुख्यमंत्री को गढ़वाल राइफल्स के रेजीमेंटल सेंटर, लैंसडौन और कुमाऊं रेजीमेंट के सेंटर रानीखेत आने के लिए भी न्यौता दिया।

## मां की हत्या की, बॉडी सूटकेस में भरकर थाने पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**
बेंगलुरु में एक 39 साल की फिजियोथेरेपिस्ट ने अपनी मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को सूटकेस में भरा और पुलिस स्टेशन पहुंच गई और अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने महिला को अरेस्ट कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में पता चला, महिला का अपनी मां से अक्सर झगड़ा होता था। इससे तंग आकर उसने अपराध को अंजाम दिया।

आरोपी महिला की पहचान सेनाली सेन के रूप में हुई। वह वेस्ट बंगाल की है।




## 'भाजपा-कांग्रेस में हिन्दुत्ववादी की लड़ाई'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को लखनऊ में एक प्रेसवार्ता कर भाजपा और कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर हमला बोला है। इसके साथ ही उन्होंने अपने भतीजे व पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद और चार राज्यों के केंद्रीय कॉर्डिनेटर एवं राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को विधान सभा चुनाव वाले राज्यों में पार्टी को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी है। बसपा प्रमुख मायावती ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा कांग्रेस में इस मुद्दे पर काफी प्रमुखता से लड़ाई चल रही है कि इन दोनों में से सबसे बड़ा हिन्दुत्ववादी कौन है। पूजा-पाठ करने में भी ज्याद कौन माहिर है। इससे यह जरूर स्पष्ट होता है कि हिन्दू धर्म को छोड़कर करके बाकी सभी धर्मों की यह दोनों पार्टियां उपेक्षा कर रही हैं। इनका यह कृत्य संविधान की मंशा के खिलाफ है। बसपा सभी धर्मों का एक बराबर सम्मान करती है। क्योंकि अपने देश में अकेले हिन्दु धर्म को मानने वाले लोग ही नहीं रहते हैं। बल्कि मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, पारसी और बौद्ध आदि विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोग भी रहते हैं। इसलिए इन दोनों पार्टियों को हिन्दुओं की तरह ही अन्य सभी धर्मावलंबियों के हितों का भी बराबर ध्यान रखना चाहिए। यही उचित होना चाहिए।

**नियुक्ति पत्र** | भारत अगले 2 वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगाः सोम प्रकाश

## मोदी ने नवनियुक्त भर्तियों को 70,000 नियुक्ति पत्र बांटे




**टीम एक्शन इंडिया/पटियाला,**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए नवनियुक्त भर्तियों को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। वितरण एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम के माध्यम से हुआ, जहां प्रधान मंत्री ने नवनियुक्त सदस्यों को संबोधित भी किया, और राष्ट्रीय विकास में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया।

रोजगार मेला, देश भर में 43 स्थानों पर आयोजित किया गया, जिसमें केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ इस पहल का समर्थन करने वाली राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में योग्य व्यक्तियों की भर्ती की गई। नवनियुक्त वित्तीय सेवा, डाक, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, रक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, परमाणु ऊर्जा, रेलवे, लेखा परीक्षा एवं लेखा, तथा गृह मामलों सहित विभिन्न विभागों में शामिल होंगे। रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह आगे रोजगार के अवसर पैदा करने और युवाओं को राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। नियुक्ति पत्रों के वितरण के अलावा, नवनियुक्त नियुक्तियों को कर्मयोगी प्रारंभ कार्यक्रम के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर मिलेगा।